तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 20.8 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 26 जुलाई 2024

11 प्रशिक्षण से अंग्रेजी के प्रति बच्चों में सीखने का ललक बढ़ेगी: पांडे



11 सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव





# ट्विनसिटी के 9 तालाबों में कब्जा, एनजीटी ने कहा-खुद दिए समय में कब्जे हटवाएं

### एनजीटी ने एक मामले में सुनवाई के बाद छत्तीसगढ़ शासन को जारी किया था आदेश, इसके बाद खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग और भिलाई के 9 तालाब कब्जे की चपेट में है। इस बात का खुलासा दुर्ग और भिलाई निगम द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को भेजी गई रिपोर्ट में हुई है। दोनों निगमों ने माना है कि इन तालाबों के आसपास अतिक्रमण हुआ है। उन्होंने यह भी कहा है कि वे एक तय समय में इन तालाबों के आसपास से कब्जा हटा लेंगे। दोनों निगमों ने भेजी रिपोर्ट में कहा है कि दुर्ग के हरनाबांधा, डोंगिया, पोलसायपारा, भिलाई के आलानंद तालाब खमरिया, बावली तालाब खमरिया, छोटे डबरी खमरिया, शीतला तालाब खमरिया, नकटा तालाब कुरुद, शीतला तालाब सुपेला के आसपास कब्जा है। लोगों ने तालाब के ऊपर भी अतिक्रमण हुआ है। एनजीटी में ग्राम बलौदा जांजगीर-चापा के जगदीश प्रसाद ने एनजीटी भोपाल में एक जनयाचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा कि बाबू तालाब, नोनी तालाब, रामसागर तालाब, अंधारी तालाब उनके क्षेत्र में स्थित है। इन तालाबों में अतिक्रमण किया जा रहा है और स्थानीय निकाय चुप्पी साधे हुए हैं। यह पर्यावरण संरक्षण नियम की अनदेखी है। छत्तीसगढ़ के लगभग जगहों पर इस प्रकार तालाबों के आसपास कब्जे हो रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 48 (ए) के साथ पठित अनुच्छेद 21 के अनुसार नीति निर्देशक सिद्धांतों में ताजी हवा, स्वच्छ वातावरण और जीवन का अधिकार शामिल है। वाण्जियक आधार इस पर खतरा डाल रहा है। यदि ब्रह्मांड और जीव उस सर्वशक्तिमान भगवान की रचना है, तो इसमें चित, जल, पावक, गगन, समीर है। उन्होंने अन्य विषयों का जिक्र करते हुए जल प्रदूषण के विषय को लेकर कहा कि सीवरेज एक बड़ी समस्या है, जिससे सभी परेशान हैं। उन्होंने तालाबों पर अतिक्रमण को लेकर कहा कि कई भूमाफिया तालाबों को हथियाने सक्रिय हैं। नदी और



तालाब के आसपास कब्जा करने से प्रदूषण और अशांति फैल रही है। इस पर एनजीटी ने छत्तीसगढ़ शासन को आदेश दिया कि वह तालाबों का सर्वे कराए और इन तालाबों के आसपास से कब तक कब्जा हटाया जा सकता है, इसकी पूरी रिपोर्ट दे। शासन ने अपनी रिपोर्ट दी, जिसके आधार पर एनजीटी ने कब्जा हटाने का आदेश दिया।

### अगस्त 2025 तक कब्जे हटाने के निर्देश

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा भेजी गई चिट्ठी में तालाब के सामने उससे अतिक्रमण हटाने की संभावित तिथि का भी उल्लेख किया गया है। इसके मुताबिक अधिकांश तालाबों को आगामी चार से छह माह के भीतर तलाब को कब्जा मुक्त करने की जानकारी दी गई है। वहीं कुछ तालाबों को अगस्त 2025 तक पूरी तरह से कब्जा मुक्त करने की बात भी कही गई है। दुर्ग संभाग से दुर्ग और भिलाई के अलावा मारो और दाढ़ी बेमेतरा के तालाब सबसे ज्यादा हैं।

### अपर संचालक ने 122 तालाबों के लिए जारी किया आदेश

अपर संचालक ने प्रदेश के 122 तालाबों से कब्जा हटाने के लिए आदेश जारी किया है। आदेश 12 जुलाई 2024 को जारी किया गया है। इसमें दुर्ग के तीन, भिलाई के छह तालाब शामिल हैं। संभाग की बात करें तो दुर्ग संभाग से 25, सरगुजा से 3, बिलासपुर 44, बस्तर से 2, रायपुर के 48 तालाबों में कब्जा है। इन सभी तालाबों से कब्जा हटाने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आदेश जारी किया गया है। निकायों ने कब्जा हटाने की समय सीमा खुद ही तय कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की है। दरअसल छत्तीसगढ़ में तेजी से खत्म हो रहे वाटर बॉडीज लोगों के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। इससे एक ओर जहां वाटर लेवल काफी नीचे जा रहा है वहीं मवेशियों तथा जंगली जानवरों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता भी कम होती जा रही है। इसके पीछे जो सबसे बड़ी वजह सामने आई है वह है तालाबों पर हो रहे अवैध कब्जे। इसके कारण कई तालाबों का एरिया सिमटकर काफी छोटा हो गया है।

### कब्जेवाले तालाब और हटाने के लिए तय समय

| तालाब | -निर्धारित समय |
|---|---|
| हरनाबांधा दुर्ग | 15 माह |
| डोंगिया तालाब दुर्ग | 15 माह |
| पोलसायपारा दुर्ग | 15 माह |
| आलानंद तालाब खमरिया | 5 माह |
| बावली तालाब खमरिया | 4 माह |
| छोटे डबरी खमरिया | 4 माह |
| शीतला तालाब खमरिया | 3 माह |
| नकटा तालाब कुरुद | 2 माह |
| शीतला तालाब सुपेला | 2 माह |

*नोटः उक्त नियत समय पर तालाब किनारे हुए कब्जे को खाली करने का आदेश है।*

## खबर संक्षेप

### अव्ययत्मानंद महाराज का 27 को प्रवचन

**भिलाई।** जीवन में गुरु का महत्व और आवश्यकता इस विषय पर आगामी 27 जुलाई दिन शनिवार को रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम के सचिव, स्वामी अव्ययत्मानंद महाराज का प्रवचन आयोजित है। इस पावन अवसर पर, सभी भक्तवृन्द से निवेदन है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ ले सकते हैं। रामकृष्ण सेवा मंडल, सेक्टर 7 में शाम साढ़े 6 बजे से प्रवचन होगा। आयोजन में सभी अनुयायी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

### अपराधी से 50 हजार का गांजा जब्त, गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा के साथ आदतन अपराधी से अवैध गांजा बरामद हुआ है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खम्हरियाभाठा खपरी रोड पर बैग में गांजा रखा था। इस दौरान मौके पर पुलिस पहुची और कृपाल नगर कोहका निवासी मार्शल राजपुत को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 4.624 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में स्मृति नगर प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। बहरहाल पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है। जल्द ही अन्य बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। बता दे कि गांजा तस्करी से जुड़े मामले पहले भी सामने आते रहे हैं।

### शिवमहापुराण : सावन की रिमझिम बारिश में छाता लेकर कथा सुनी भक्तों ने

# बाबा के करीब जाने से खुलती हैं जीवन की गांठः पं. प्रदीप मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले ने पहले दिन सावन शिवमहापुराण की कथा सुनाई। उन्होने कांवड़ का महत्व बताया। पं. मिश्रा ने कहा कि कांवड़ में जो डंडा उपयोग में आता है वह बांस का होता है और उसका अपना महत्व है। बांस में गांठें होती है। जब हम शिवजी को कांवड़ से जल अर्पित करते हैं तो शिव के करीब जाते हैं। जैसे जैसे हम शिव जी के करीब जाते हैं वैसे-वैसे हमारे जीवन की गांठें भी खुलती जाती है।

### कथा वाचक पं. मिश्रा सीहोर वाले ने कहा कि सावन में दोगुना भक्ति बढ़ाओ



अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि पहले ईश्वर को पाने के लिए बहुत यज्ञ, अनुष्ठान, तप, साधना की जरूरत पड़ती थी। आज के जमाने में भगवान शंकर को एक लोटा जल चढ़ाओ , भोले तुम्हारा भंडार भरना शुरू कर देंगे। सावन में अपनी भक्ति दोगुणा बढ़ाओ। भजन, कीर्तन, मंत्र जाप दोगुणा होना चाहिए। जल भी दो लोटा चढ़ाओ।



### इस्पातनगरी के लोगों में कठोरता को पिघलाने का दम

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा सीहोर वाले ने जब कथा शुरू कि तब सावन की बौछारें पड़ रही थी। पं. मिश्रा ने लाखों श्रद्धालुओं को देख कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के रूप में पूरे देशभर में जाना जाता है। साथ ही यह इस्पातनगरी है। इसलिए यहां के लोगों को मालूम है कि कठोर से कठोर को कैसे पिघलाया जाता है

### ब्राम्हण के लिए व्यसन, वासना और निंदा से दूरी जरूरी

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा ब्राम्हण कुल में जन्म लेने वाले के लिए तीन चीजों से दूरी रहना बेहद जरूरी है। जो ब्राम्हण व्यसन, वासना और निंदा से दूर रहता है वह सारे वेद-पुराण पढ़े हुए के तुल्य होता है। जो इन चीजों में लिप्त रहता है उसमें कितना ही बड़ा विद्धवता है वह श्रेष्ठ नहीं है।

### शिवमहापुराण के समुद्र से एक मोती से ही जीवन सार्थक

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि शिवमहापुराण 24 हजार श्लोक और 12 संहिताओं का अपार समुद्र है। इसमें से एक या दो मोती निकालकर अपने पास रख लिया तो जिंदगी की सार्थकता को पूर्ण कर देगी। ईश्वर को गुरु बनाओ। इंसान बदल सकता है ईश्वर नहीं। सावन में अपने आसपास नदी, बावली हो तो उसे भगवान शिव को ले जाकर समर्पित कर सकते हैं। उसे भी गंगाजल मानकर भोलेनाथ स्वीकार कर लेंगे।

### कीचड़ से परेशान रहे पीछे बैठे श्रद्धालु

जयंती स्टेडियम के पंडालों के अंतिम छोर पर बारिश की वजह से कीचड़ की स्थिति रही। इस कीचड़ में खड़े व बैठकर श्रद्धालुओं ने शिवमहापुराण कथा सुनी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगे कई पुलिस कर्मियों को जैसे ही कथा शुरू हुई गेट नंबर एक से प्रवेश करवाकर बिठाया गया। मीडिया को पुलिस और बाउंसरों ने गेट पर ही रोक दिया जिससे कवरेज करने गए पत्रकार वापस लौट आए।



### न्यायालय भेजा रिमांड पर

# सराफा कारोबारियों से ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सराफा कारोबारियों के साथ ठगी करने वाले साले और जीजा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दारा 406, 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों ने कारोबारियों से 1 किलो 652 ग्राम सोना का ठगी किया था। दोनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने बताया कि ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग निवासी मनीष सोनी और साला कोडागांव के धीरज सोनी ने सदर बाजार दुर्ग निवासी शाहजहां अली, प्रामित धारा, विजय सोनी से साल भर पहले शुद्ध सोना देने का भरोसा दिलाया था। सोना न देकर आरोपियों ने तीनों सराफा कारोबारियों से से 1.11 करोड़ की ठगी की। अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार थे।

- तीन सोना कारोबारियों से 1.11 करोड़ की हुई थी ठगी

### जामुल थाना क्षेत्र की है घटना

# महिला को अकेली पाकर की छेड़खानी, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घर में महिला को अकेली पाकर छेड़खानी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 75(1)(1) 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि महिला ने शिकायत किया कि ससुराल गांव का परिचित अमजद खान और राम खिलावन उर्फ मनी साहू ने घर में अकेली पाकर छेड़खानी किया। महिला किराए के मकान में रहती है। दोनों आरोपी जबरन उसके मकान में घूस गए। महिला के शोर मचाने के बाद आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी जामुल कपिल देव पाण्डेय की टीम को मुखबिर ने सूचना दिया कि छेड़खानी के फरार आरोपी सिंघनगढ़ थाना लोहारा जिला कबीरधाम निवासी अमजद अली खान और मनीराम साहू को राजनांदगांव जिले के थाना सोमनी बस स्टैंड में देखा गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- आरोपियों को राजनांदगांव थाना सोमनी बस स्टैंड से पकड़ा




# उफनती शिवनाथ नदी पार कर पढ़ने जा रहे हैं सरकारी स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

यह दृश्य दुर्ग के धमधा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत भाठकोकड़ी के आश्रित ग्राम मुड़पार के शिवनाथ नदी का है।

इन दिनों शिवनाथ नदी ऊफान पर है। उसके बाद भी स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं। पिछले पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जनजीवन बदहाल हो गया है। बच्चों को नदी पार करके स्कूल जाना पड़ रहा है। करीब एक दर्जन स्कूली बच्चे नदी को पार करके पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल घोटवानी में पढ़ने आते हैं। नदी पार करने के दौरान कोई हादसा न हो जाए जिसको ध्यान में रखते हुए अभिभावक बच्चों के साथ जरूर मौजूद रहते हैं। वे बताते हैं कि बारिश सीजन में रोजाना इसी तरह से नदी पार करके बच्चों को स्कूल तक पहुंचाते हैं। छुट्टी के बाद बच्चों को फिर से वापस अपने घर लेकर जाते हैं। इस दिक्कत की वजह से गांव के कई बच्चों ने अपनी पढ़ाई तक छोड़ भी दी। खासकर बेटियां ज्यादातर प्रभावित होती है।

- मुड़पार गांव के विद्यार्थियों को इस तरह हो रही है परेशानी

### 91 साल की उम्र में दुर्ग में शिवकुमार का दीपक निधन

# चंदैनी-गोंदा के बटोरनलाल नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कला, साहित्य से लंबे समय तक जुड़े रहे छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार शिव कुमार दीपक उर्फ बटोरनलाल का करीब 90 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से दुर्ग के पोटियाकला में निवासरत थे। उनका अंतिम संस्कार 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे पोटिया के मुक्तिधाम में किया जाएगा। शिव कुमार दीपक को पहचान चंदैनी-गोंदा से मिली, जिसमें टोरनलाल के उनके किरदार को खूब सराहा गया। उन्होंने इस किरदार में राजनीतिक कटाक्ष किए। उनका कचरा बोदरा किरदार भी चर्चा में रहा। उन्होंने घर द्वार, कहि देबे संदेश जैसी पुरानी छत्तीसगढ़ी फिल्मों में भी अभियन किया। छइयां-भुइयां जैसी फिल्मों में भी वे नजर आए। शिव कुमार दीपक का जन्म 15 नवंबर 1933 को प्रेमसिंह साव के घर ग्राम पोटिया में हुआ। जहां उन्होंने हमेशा नाच तथा रामलीला कृष्ण लीला रात-रात भर देखा। नाच और रामलीलाओं से प्रभावित होकर दोस्तों के घर में ही नाटक का मंचन शुरू कर दिया। इसके बाद वे नाटकों में सक्रिय हुए। आजादी के नारों से प्रभाावित होकर उन्होंने एक बार दुर्ग स्टेशन में महात्मा गांधी के दर्शन भी किए। उस समय महात्मा गांधी कलकत्ता जा रहे थे। इसके बाद उन्होंने भी आजादी में योगदान दिया। ब्रिटिश ध्वज को आग लगाने के आरोप में उन्हें दुर्ग के कोर्ट में पेश किया गया। बाद में शहर के स्वतंत्रता संग्राम के बुजुर्गों ने उन्हें छुड़ा दिया। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के अलावा कई सामाजिक और कला क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं ने सम्मानित किया। शिव कुमार दीपक के बड़े बेटे शैलेष साहू रंगकमी हैं। इसके अलावा तीन बेटे शलभ, संजीव और संजय प्राइवेट नौकरी में है। बेटी शशि लेखिका होने के साथ शिक्षक भी है।

### रमाकांत बख्शी के एकल अभिनय से थे खासे प्रभावित



एक समय स्कूल के नाटक कार्यक्रम में खैरागढ़ निवासी रमाकांत बक्शी के एकल अभिनय से वे खासे प्रभावित हुए। इसके बाद उन्हें अपना गुरु बना लिया। आशीर्वाद लेकर उन्होंने खुद एक पात्रीय अभिनय स्वयं बनाकर खेलने शुरू कर दिया।पहला एक पात्रीय अभिनय जीवन पुष्प बनाया जो काफी सफल रहा। इसी अभिनय वन पुष्प को सन 1958 में अखिल भारतीय युवक महोत्सव नागपुर में प्रदर्शित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू शामिल हुए। शिव कुमार दीपक को पहले सम्मान मिला। उन्हें दीपक उपनाम दिया गया। तब से वे शिव कुमार दीपक नाम से पहचाने जाने लगे। उनके एक पात्रीच अभिनय हरितक्रांति, सौत झगरा, छत्तीसगढ़ी महतारी, छत्तीसगढ़ी रेजीमेंट, बीस सूत्री, लमसेना, चक्कर भिलाई का खासे चर्चा में रहे। उन्होंने 50 छत्तीसगढ़ी, 2 हिंदी, 2 भोजपुरी और 1 मालवी फिल्म में काम किया।

**1965 में छत्तीसगढ़ी फिल्मों की शुरुआत**

उनके करीबी मानें जाने वाले अजय वर्मा बताते हैं कि 1965 में प्रथम छत्तीसगढ़ी फिल्म का निर्माण हुआ, जिसमें उन्हें प्रमुख चरित्र अभिनेता की भूमिका निभाने का अवसर मिलाष साथ ही दूसरी छत्तीसगढ़ी फिल्म 'घर द्वार' में भी चरित्र भूमिका निभाने के लिए बुलाया गया। इसी दौरान दुर्ग के दाउ रामचंद्र देशमुख द्वारा निर्मित लोक कला मंच चंदैनी गोंदा में हास्य भूमिका निभाने का अवसर मिला। चंदैनी गोंदा के साथ साथ दुर्ग के महासिंग चंद्राकर के सोन बिहना लोक कला में भी जुड़े रहे। जहां नाटक लोरिक चंदा हरेली में भाग लिया। इस तरह अनेकों लोक कला मंच में अपने अभिनय कला प्रदर्शन करते रहा।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

# पढ़ाई-लिखाई छोड़ डाकिया और सर्वेयर का काम, संकुल समन्वयकों ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## स्कूल खुलने के बाद नित नए प्रयोग से शिक्षक परेशान, सौंपा ज्ञापन

स्कूलों की पढाई लिखाई छोड इन दिनों रूट से अलग शिक्षको से काम कराए जाने का मामला गर्मा गया है। गुरूवार को नाराज शिक्षको का गुस्सा फूट गया और उन्होने डीईओ को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है।

दुर्ग ब्लॉक के 75 संकुल समन्वयकों पर शाला एवं संकुल क्षेत्र में अकादमिक कार्य के साथ विभिन्न कार्यों की अधिकता से कार्य का दवाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ने की बात ज्ञापन में कही गई है। उन्होने बताया कि, नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम में तकनीकी समस्या है, जिसका निदान तकनीकी विशेषज्ञ कर सकते हैं। विगत 22 जुलाई 2024 को जिला मिशन प्राधिकरण अधिकारी पुष्पा पुरुषोत्तम के द्वारा संकुल समन्वयकों से दुर्वयवहार करते हुए उपहास किया गया। इसी प्रकार शहरी स्त्रोत समन्वयक किरण चांदवानी के द्वारा भी हमेशा अभद्र व्यवहार किया जाता रहा है। विनोवा एप में भी तकनिकी समस्या सदैव बनी रहती है। लेकिन उस पर भी कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है।

शिक्षको ने बताया कि, विभाग के अनेक गैर शैक्षणिक कार्यों को भी दवावपूर्वक कराया जाता है। विभाग में बैठक की कोई समय सीमा नहीं है, कभी भी किसी भी समय ऑनलाइन और ऑफलाइन बैठक का आयोजन किया जाता है, जिससे हम सभी शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ना का शिकार हो रहे है। रविवार तथा अन्य शासकीय अवकाश के दिनों में भी



अव्यावहारिक रूप से मीटिंग का आयोजन किया जाता है।

### देर रात मांग रहे जानकारी से परेशान

जानकारी संग्रहण की कोई भी समय सीमा नहीं है। देर रात को 10 बजे तक जानकारी चाही जाती है जिससे हमारा व्यक्तिगत जीवन प्रभावित होता है। स्कूलों के लिए कोई भी सामग्री कहीं भी भण्डारण कर दी जाती है, जहाँ से उठाव एवं वितरण में कठिनाई आती है। उल्लास कार्य एवं अन्य सर्वे कार्य में प्राचार्यों से सहयोग नहीं मिलता। वही चाही गयी डाक कार्यालय समय सीमा पर लाने पर कार्यालयीन कर्मचारी डाक लेने से इंकार करते हैं। शिक्षको की माने तो अधिकारियों के दुर्व्यवहार के कारण मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है।

### साफ्टेवयर भी नहीं चलता, मोबाइल से काम

स्कूलों का अलग-अलग समय होने पर कुछ भी कार्य में तत्काल जानकारी मांगते हैं, जो कि संभव नहीं हो पाता है। मोबाइल से काम करने कहा जा रहा है, चूँकि कोई भी लिंक या सॉफ्टवेर सहीं से नहीं चलता ओर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। संकुल समन्वयक द्वारा तीन कक्षा में अध्यापन करवाना और ऑफिस कार्य एक साथ करना संभव नहीं है, वहीं प्रत्येक आदेश में कार्य नहीं होने पर सीएसी की जिम्मेदारी तय की जाती है।समन्वयकों को एक ही दिवस में मीटिंग, सामान का वितरण, एकादमिक काम, कक्षा अध्यापन और निरीक्षण करना संभव नहीं है। सीएसी के द्वारा ही हायर सेकेंडरी के कार्य भी कराये जाते हैं, जबकि प्राचार्य को इसमें सम्मिलित नहीं किया जाता है। सभी अधिकारियों के साथ हमें ही समन्वय बनाने कहा जाता है, जबकि कोई भी अधिकारी हमारे साथ समन्वय नहीं बनाता हैं। संकुल समन्वयकों को संकुल बैंक समन्वयक के अतिरिक्त प्रभार से कार्यमुक्त किए जाने की मांग की गई हैं। उन्होने 26 जुलाई 2024 से समस्त संकुल समन्वयक कार्य करने में अपनी असमर्थता प्रकट की है।

## खबर संक्षेप

### रजिस्ट्री में धांधली, संसद में उठाया सवाल




**दुर्ग।** रजिस्ट्री कार्यालय में अवैध वसूली को लेकर आज दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने विधानसभा में सवाल उठाया है। मानसून सत्र के चौथे दिन राजस्व विभाग के कई मामले को लेकर सवाल जवाब के दौरान उन्होंने पूरी बेबाकी से सदन में दुर्ग जिले के रजिस्ट्री कार्यालय में लेन देन के नाम पर लिए जाने वाली राशि से संबंधित अपनी बातें रखी जिस पर विभागीय मंत्री ओ. पी. चौधरी ने सदन में जवाब देते हुए मामले की जांच कराने का आश्वासन दिए। रजिस्ट्री पेपर तैयार कराने के एवज में चल रहे अवैध वसूली को लेकर सदन सवाल उठाये, उन्होंने कहा कि 3 से 10 हजार रूपये हर रजिस्ट्री प्रकरण में नागरिकों से लिया जा रहा है। विधायक श्री यादव के सवाल का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री ओ. पी. चौधरी ने बताया की रजिस्ट्री कार्यालय में ऑनलाइन पेमेंट, आधार कार्ड पैन कार्ड इंटीग्रेशन, रेरा के साथ बैकवर्ड-फॉरवर्ड इंटीग्रेशन, भूइंया से इंटीग्रेशन एवं मोबाइल एप्प डेवलप किया जा रहा है। विभाग के काम काज टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है, ताकि भ्रष्टाचार को दूर कर पारदर्शिता लाया जा सके। दुर्ग विधायक के सवाल पर उन्होंने जानकारी लेकर लिए जाने वाले राशि की जांच कराने का आश्वस्त किया।

### संत युधिष्ठिर लाल 27 को करेंगे रवाना

**दुर्ग।** सिंधी समाज के लोग श्री रामलला धाम अयोध्या और काशी विश्वनाथ बनारस के तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर 27 जुलाई को स्पेशल ट्रेन झूलेलाल एक्सप्रेस से जाएंगे। श्रद्धालुओं के इस जत्थे को दुर्ग रेल्वे स्टेशन में प्रातः 11 बजे शदाणी तीर्थ के संत सांई युधिष्ठिर लाल हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। बाबा गुरुमुखदास युवा मंडल एवं सिंधी समाज द्वारा आयोजित इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं को श्री सिन्धु अमरधाम आश्रम झूलेलाल मंदिर के संत सांई लालदास का सानिध्य मिलेगा।इस धार्मिक यात्रा को लेकर सिंधी समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। धार्मिक यात्रा पर जाने अब तक 100 से अधिक सिंधी समाज के लोगों ने अपना पंजीयन करवा लिया है।

## एक ही ऋण पुस्तिका से अलग-अलग लोन लेकर की गड़बड़ी

# बैंक में 75 लाख का ऋण फर्जीवाड़ा कलेक्टर ने कराई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

### पुलिस चारों आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक दुर्ग के अधीन आने वाले नवागढ शाखा में एक ही ऋण पुस्तिका के जरिए 75 लाख रूपए का ऋण फर्जीवाडा किए जाने के सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। वर्तमान में जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक में प्राधिकृत अधिकारी खुद कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी है। उन्होने इस फर्जीवाडे की विस्तार से जांच कराई। वही पुष्टि होने के बाद इंजीनियर एसके निवसरकर, विकासधर दीवान और शक्तिधर दीवान सहित एक अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए है। एफआईआर दर्ज होने के बाद नवागढ थाना पुलिस आरोपियों के खोजबीन में जूटी हुई है।

मिली जानकारी अनुसार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर नवागढ़ के वर्तमान शाखा प्रबंधक राजेन्द्र शर्मा ने मामले की विस्तार से जांच की थी। जिसमें चौकाने वाले मामले सामने आए है। जांच में पाया गया कि, आरोपी व डिफाल्टर कृषक विकासधर दीवान पिता स्व. कुमार घर दीवान ग्राम सुकुलपारा नवागढ़ एवं शक्ति घर दीवान पिता बंशीधर दीवान ग्राम सुकुलपाना नवागढ़ द्वारा पांच अलग-अलग तरह के कर्ज लेकर राज्य शासन और बैंक को लाखो रूपए का चूना लगाया है। जांच अधिकारी ने रिपोर्ट के आधार पर विगत 11 जुलाई को नवागढ थाने में एफआईआर दर्ज भी कराया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण कमांक (1) विकास घर दीवान द्वारा प.ह.न. 08 खसरा न. 1170/2. 1283, 1287/2, 1544/2. 2012/2 कुल रकबा 3.55 हेक्टेयर का भूस्वामी है, ऋण पुस्तिका क. P1352170 पर ऋण प्राप्त किया गया है। जांच में पाया गया कि, ऋण पुस्तिका में प.ह.न. 12 दर्ज है। इस भूमि के एवेज में विभिन्न बैंकों एवं सेवा सहकारी समिति से धोखाधड़ी कर 73 लाख रूपए का ऋण प्राप्त किया गया है। पहले प्रकरण में सेवा सहकारी समिति मर्या. नवागढ़ से बोरपम्प एवं स्प्रिंगलर एवं तार जाली एवं भूमि सुधार करने अलग अलग किस्तों में राशि 4 लाख 11 हजार रूपए लिया गया। यह कर्ज 6 मार्च 2014 को स्वीकृत की गई है। सम्बंधित फर्म्स सुरभी ट्रेडर्स को भुगतान किया गया। लेकिन कर्ज लेने से अब तक डिफाल्टर रहा है। इसके आलावा विकासघर दीवान द्वारा वेयर हाउसिंग सर्विसेस के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बेमेतरा द्वारा प्रकरण स्वीकृत कराकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नवागढ़ से 10 नवंबर 2015 के अनुसार गोदाम निर्माण के लिये 03 किश्तों में 25 लाख रूपए कर्ज लिए।




### रिश्तेदार ने भी लगाया चूना

आरोपी विकाशधर दीवान के रिश्तेदार (चाचा-भतीजा) द्वारा आवास ऋण शाखा नवागढ़ से 11 मई 2013 को 5 लाख रूपए लिए थे। जबकि एक माह बीस दिन में आवास की पूरी तीन किस्त जारी कर दी, जिससे संदेश होने के बाद उन्हें भी आरोपी बनाया गया। इस तरह इस मामले में विकासधर दीवान, शक्तिधर दीवान और उपयंत्री एसके निवसरकर व तत्कालीन शाखा प्रबंधक एवं पर्यवेक्षक को दोषी करार देकर थाने में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

### मौके पर नहीं पाया गया वेयर हाउस

वेयरहाउस मामले में इंजीनियर रहे एसके निवसरकर की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। क्योकि मौके पर वेयर हाउस नही बना और उनके रिपोर्ट के आधार पर 25 लाख जारी कर दिया गया। इसमें प्रथम किश्त नींव तैयार होने उपरांत, द्वितीय किश्त नींव से छत स्तर पर कार्यपूर्ण होने पर एवं तृतीय किस्त समस्त निर्माण कार्य पूर्ण होने पर दिया जाना था। लेकिन एक महिने के अंदर पूरी राशि जारी कर दी गई। जिसमें उपयंत्री एके निवसरकर को आरोपी बनाया गया है। यही नहीं इस योजना में आरोपी को 8 लाख 69 हजार 430 रूपए सब्सिडी भी जारी कर दिया गया। जबकि कर्ज की राशि 37 लाख आज की स्थिति में पहुंच गई है।

### डिफाल्टर रहा, फिर भी तीस लाख फसल ऋण

तीसरे फर्जीवाडे में आरोपी द्वारा फर्जी नोड्यूज प्रमाण पत्र के जरिए 26 जुलाई 2014 को एक्सीस बैंक पण्डरी रायपुर, शाखा हथमुड़ी से राशि तीस लाख रूपये स्वीकृत करा लिए थे। फसल ऋण प्रदाय किया गया था। जिसकी प्रविष्टि एक्सीस बैंक में हितग्राही के ऋण खाता क्रमांक में दर्ज है। एक्सीस बैंक शाखा हथमुड़ी द्वारा जारी नोड्यूस प्रमाण पत्र और खाता क्रमांक अलगअलग होने के बाद भी बैंक के आंख में धूल झोंककर लोन स्वीकृत कराया गया। फर्जी नोड्यूज के जरिए तीस लाख का यहां भी फसल लोन लिया गया।

### विवेचना जारी

ब्रांच मैनेजर के रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपी फरार है। पुलिस विवेचना कर रही है। चौथे आरोपी की जानकारी नही दी गई थी।

**-भुवनेश्वर यादव**
थाना प्रभारी, नवागढ़

### अपराध दर्ज

कलेक्टर मैडल के निर्देश पर जांच कराया गया था। नवागढ ब्रांच मैनेजर साखारा खांडे के द्वारा चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है।

**-श्रीकांत चंद्राकर**
सीईओ, जिला सहकारी बैंक दुर्ग

### ऋण पुस्तिका से केसीसी लोन

रिपोर्ट में बताया गया कि, जिस खाते से फसल ऋण लिया गया। उसी खाते से नवागढ समिति में आरोपी ने 1 लाख 56 हजार 556 केसीसी लोन ले लिए। इस तरह पटवारी हल्का नं. 12 रकबा 3.550 हेक्टेयर के एवज में चार बार आरोपी ने भिन्न-भिन्न बैंकों एवं समिति से सांठगांठ कर 75 लाख का फर्जीवाडा किया है।

## 33 शिक्षकों ने दी असहमति

# काउंसिलिंग में 69 ने किया शाला चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्राथमिक प्रधानपाठक पदोन्नति के लिए काउन्सलिंग की प्रक्रिया गुरूवार को संपन्न कर ली गई है। इस दौरान 123 सहायक शिक्षकों में 69 ने शाला चयन किया, वहीं 21 शिक्षक गायब रहे। जल्द ही प्रधान पाठकों की पदस्थापना आदेश जारी करने की बात कहीं है।

जानकारी अनुसार रिक्त रह जाने वाले पदों पर पुनः वेटिंग सूची से प्रधान पाठकों की पदोन्नति को भी यथाशीघ्र सम्पन्न कराए जाने का आश्वासन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया है। विदित है कि, 36 ई संवर्ग से तथा 87 ईएल संवर्ग से प्रधान पाठकों को आज स्थान चयन करने के लिए बुलाया गया था। जिसमें 36 ई संवर्ग से केवल 3 ने शाला चयन किया, 22 ने अपनी असहमति दी। जबकि 87 ई एलबी संवर्ग से 66 ने शाला चयन किया, 11ने अपनी असहमति दी और 10 अनुपस्थिति रहे।

इस दौरान डीईओ अरविन्द मिश्रा, सीमा नायक, राजेश ओझा,

- पदोन्नति काउंसिलिंग में 21 अनुपस्थित रहे

संजय वर्मा एवं समस्त काउन्सलिंग प्रभारी जूटे रहे। वही धर्मेंद्र देशमुख एवं अन्य कर्मचारियों को शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी चंद्रशेखर तिवारी, विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, तिलक सेन, प्रताप सिंह धनकर, युवराज साहू, वेदराम जांगड़े, कृष्ण राज पाण्डेय, योगेश वर्मा, केशव देवांगन, प्रभा सिंह, किरण गौर सहित सभी साथियों ने पूरी पदोन्नति की प्रक्रिया को त्वरित गति से करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया है।

# पेजयल के लिए ननि का भाजपा ने किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में विगत 5 दिनों से भारी बरसात के बीच जल संकट की स्थिति निर्मित होने व पानी सप्लाई ठप्प होने से हलाकन लोगों ने नगरनिगम में प्रदर्शन किया।

नगर निगम कार्यालय में महापौर धीरज बाकलीवाल व निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आयुक्त कार्यालय के निचे पोर्च में बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया। वही मेयर बाकलीवाल व अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारे बाजी किया। इस दौरान ज्ञापन लेने पहुंचे कमिश्नर लोकेश चंद्राकर को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए पानी की संकट सहित स्ट्रीट लाईट बंद होने व राशन कार्ड जैसे मुद्दे कों लेकर भी आड़े हाथों लिया और तीन दिन में जल संकट दूर नहीं होने पर जनता के साथ फिर प्रदर्शन की चेतावनी दिया। प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, पार्षदगण काशीराम कोसरे, चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, शिवेंद्र परिहार, मनीष साहू, अजीत वैद्य, कविता तांडी, चमेली साहू, लीना दिनेश, देवांगन कुमारी बाई साहू, कमल देवांगन, हेमंत मटियारा, हेमा जगदीश शर्मा, राकेश भारती, पुष्प गुलाब वर्मा, योगेंद्र साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

- विगत 5 दिनों से शहर में व्याप्त भीषण जल संकट

# 15 वर्षों से रक्तदान-महादान कर रहे हैं: जितेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में मरीजों के लिए रक्त की कमी को दूर करने लगातार रक्तदाता सामने आ रहे है। इस कड़ी में युवा जितेश जैन ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया। यह रक्तदान उन्होने मोनिका के नवजात शिशु के लिए दिया है। जितेश जैन पिछले 15 वर्षों से जरुरतमंदो के लिए रक्तादान कर मानव सेवा में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। उनका रक्त गुरप ए नेगेटिव है। यह रक्तदान श्री जैन ने जिला अस्पताल ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंधकारिणी सदस्य व जीवनदीप समिति आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर के मार्गदर्शन में किया। उनके रक्तदान करने पर जीवनदीप समिति सदस्य प्रशांत डोंगावकर ,सतीश सुराना एवं चिकित्सकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक की नर्सिंग ऑफिसर सती गुप्ता, काउंसलर एंथोनी, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन दिनेश, तीरथ, निगार, कौशल, हिमांशु, माला प्रशिक्षणार्थी गोवर्धन, डेमन, भारती, वीणा, प्राची ने सेवाएं दी।

- अन्य लोगों को भी कर रहे हैं प्रेरित




### कल से शुरू होगा निवारण पखवाड़ा

**भिलाई।** ननिभि के सभी जोन में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें वार्ड अनुरूप शिविर लगाए जाएंगे। नागरिकों के बीच की समस्याओ का समाधान जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के माध्यम से किया जायेगा। 27 जुलाई दिन शनिवार को स्वास्थ्य केन्द्र खम्हरिया वार्ड 01, जीरो सड़क डोम शेड अम्बेडर नगर वार्ड 14,15,16,20, कर्मा भवन 10 बिस्तर अस्पताल वार्ड 30 व 31, सामुदायिक भवन वार्ड 38 व 39, सेक्टर 4 बोरिया मार्केट समीप दुर्गा मंच सामुदायिक भवन वार्ड 57 व 58। दि को समय प्रातः 10:00 से 3:00 बजे तक रहेगा।

### स्वच्छता इटर्नशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन

**भिलाई।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशो के अनुरूप राज्य के समस्त नगरीय निकायो में बीटेक/बीई स्नातक कर चुके युवाओं के लिए आवेदन आमंत्रित है। जिसमें नगर निगम भिलाई क्षेत्र के 7 ऐसे युवा जो राष्ट निर्माण के क्षेत्र में अपनी क्षमता का यथासंभव उपयोग करना चाहते है उनके लिए अच्छा अवसर है। यह कार्यक्रम भारत के शहरी चुनौतियों के समाधान के लिए सह-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओ को जोड़ने के साथ ही उनके नये विचारो और ऊर्जा को बड़हावा मिलेगा। जो भी इच्छुक उम्मीदवार इसमें भाग लेना चाहते है। वे अपना ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। नगर निगम भिलाई के लिए 7 उम्मीदवार की आवश्यकता है, जिन्हे एक मुश्त 4500 रूपया मानदेय भी प्रदान किया जायेगा।

## डीईओ ने बैठक लेकर अभियान की दी जानकारी

# साक्षरता अभियान का आगाज, बुजुर्गों को सिखाएंगे पढ़ना-लिखना, होंगे शिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के विकासखंड मुख्यालय धमधा स्थित बीआरसी भवन में विगत 24 जुलाई को संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों के साथ विभिन्न विभागीय शैक्षिक कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विकासखंड में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा शिक्षा में सुधार के लिये किये जा रहे प्रयासों को धरातल में पहुँचाने में विकासखंड के शिक्षकों को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। इस बैठक में उल्लास नवभारत साक्षरता में विकासखंड में बेहतर करने हेतु सुझाव दिए गए एवं संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को जिम्मेदारी देते हुए जवाबदेही तय की गई।




### धमधा विकासखंड को 11 हज़ार असाक्षरों का लक्ष्य

जिले के कुल 30,000 हज़ार असाक्षरों को उल्लास योजना के तहत साक्षर करने का लक्ष्य है, जिसमें 11,000 का लक्ष्य धमधा विकासखंड को दिया गया है। विकासखंड में असाक्षरों का ऑनलाइन करने में आ रही समस्याओं का समाधान भी बैठक में किया गया। जिला शिक्षाधिकारी द्वारा बताया गया कि] दसवी एवं बारहवीं में अध्ययनरत बच्चों का प्रति माह 24 तारीख से 30 के मध्य मासिक टेस्ट लेकर इन बच्चों के अंकों को विनोबा एप में अपलोड किया जायेगा एवं बच्चों की टेस्ट कॉपी को विद्यालय में सुरक्षित रखे जाने के निर्देश दिए गए। दसवी, बारहवी के बच्चे इसे प्रोजेक्ट के रूप में संभालेंगे और इस पर कार्यक्रम करेंगे।

### उल्लास नवभारत साक्षरता से आशय

अप्रैल 2022 में, भारत सरकार ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम नामक एक पहल शुरू की, जिसका स्पष्ट लक्ष्य सभी के लिए शिक्षा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण पर आधारित है और इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के साक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता (पढ़ना, लिखना और अंकगणित) के अलावा महत्वपूर्ण जीवन कौशल, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, अधिकारों के बारे में जागरूकता, व्यावसायिक कौशल आदि प्रदान करना है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उतई में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा कल से

**उतई।** छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के आदेश के परिपालन में नगर पंचायत उतई में 'जनसमस्या निवारण पखवाड़ा' का आयोजन 27 एवं 30 जुलाई को वार्ड क्रं 1,2,3,4 के लिए सामुदायिक भवन वार्ड क्रं 2 कॉलेज कालोनी उतई में किया गया है। इसी प्रकार 1 एवं 2 अगस्त को वार्ड क्रं 5, 6, 7, 15 हेतु कालिका मंच, वार्ड क. 6 हथखोज पारा उतई, 5 एवं 6 अगस्त को वार्ड क्रं. 8, 9, 10, 11 हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं. 7 पुरईहा तालाब के पास उतई, 7 एवं 8 अगस्त को वार्ड क. 12, 13, 14 के लिए सार्वजनिक मंच गांधी चौक वार्ड क्रं. 12 उतई में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। सीएमओ राजेंद्र नायक ने नागरिकों से उक्त शिविर में अपने समस्यों का निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

### डॉ. अर्चना को मिली पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा डॉ. अर्चना त्रिपाठी को उनके शोध उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म नियमन अधिगम एवं अभिभावक प्रोत्साहन का उनके नियंत्रण अवस्थान पर प्रभाव के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। प्रस्तुत अध्ययन किशोर बालकों के तनाव को काम करेगा और उनमें स्व नियंत्रण की भावना को विकसित करने में सहायक होगा। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. आरती मिश्रा सहायक प्रध्यापक कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निर्देशन मे पूर्ण किया। बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. गजानन गुल्हाने विभागाध्यक्ष, अमरावती विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय पति डॉ. नवीन त्रिपाठी, पिता सुभाष शुक्ला, माता आशा शुक्ला एवं समस्त परिवारजनों को दिया।

### महंत लीलाधर को मिली डाक्टरेट उपाधि

**अंडा।** सद्गुरु पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहेब आचार्य कबीर पंथ धर्म नगर दामाखेड़ा की कृपा प्राप्त महंत लीलाधर दास अहिवारा दुर्ग को कला संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक सेवा करने के लिए के लिए आईपीएसी के द्वारा भारतीय संविधान क्लब नई दिल्ली में डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि नरेश बंसल सांसद राज्य सभा के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र, अवार्ड, आईडी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## निधन

### रेणुका कश्यप



**भिलाई।** कोसानगर निवासी रवि कश्यप की पत्नी रेणुका कश्यप उम्र 72 वर्ष का निधन 24 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे छालीवुड अभिनेत्री ज्योति कश्यप, सुमन कश्यप, समाजसेवी नीतिश कश्यप, आरटीओ कर्मचारी नवीन कश्यप की मां और दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया व परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम की बुआ थीं।

# पाटन नगर पंचायत की सड़कों पर बहता है नालियों का पानी

## नालियों का पानी घरों व दुकानों में भर जाने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन नगर पंचायत में नाली बनाई गई है। इसमें पानी नही बहती है क्योंकि इस नाली में बरसात का पानी नाली को छोड़कर सड़को में ज्यादा बहती दिखाई देती है जिससे बरसात का पानी घरों में तो किसी के दुकानों में जा घुसती है। ये हॉल है नगर पंचायत पाटन की क्योंकि नगर पंचायत भगवान भरोसे चलता है। पाटन सीएमओ सौरभ वाजपेयी के भरोसे नही चलती पाटन के नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी के भरोसे अगर चलता तो ऐसी समस्या उत्पन्न नही होती और ना ही पीड़ित को ऐसे कोई बरसात का मार झेलना पड़ता। नालियों का पानी सीधे दुकान में जा घुसती है और पाटन नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ वाजपेयी को कुछ तनिक भी कोई जानकारी नही होती। शहर के स्वच्छता के लिए लगे हुए ये कैसे हाल हो गया है। पाटन नगर पंचायत का पीड़ित बरसात में पूरे परिवार के साथ बरसात के पानी को अपने दुकान से निकालते है जिस पर पाटन नगर पंचायत के अधिकारी वाजपेयी के सामने से ऐसे स्थिति बनी हुई है लेकिन दिखाई नही देती। पाटन नगर पंचायत के वार्ड 10 में ऐसे समस्या है, लेकिन कोई जिम्मेदारी नही। पाटन नगर में ऐसे कभी समस्या का गढ़ नही बना लेकिन इस पर पाटन नगर पंचायत के सीएमओ को जरा सा सोचना चाहिए। ऐसे स्तिथि रहेगी तो पाटन नगर पंचायत का नाम रोशन हो जएगा। आए दिन पाटन नगर पंचायत में समस्या जन्म ले रही है, लेकिन पाटन सीएमओ चुप्पी साधी हुई है। पाटन नगर पंचायत बस



अखबारों में 5 स्टार की गिनती में आती है लेकिन हकीकत की बात तो ये है कि स्वच्छता के नाम पर खेल खेला जा रहा है और ढिंढोरा का तबला बजा रहे हैं। पाटन नगर पंचायत नालियों की दुर्दशा देखकर ऐसे लगता है कि मानो कई सालों से साफ नही हुई हो तभी तो किसी के घर में या किसी के दुकान में नालियों का पानी घुस जा रही है। ये कैसे स्वच्छता है, ये स्वच्छता नही स्वच्छताहीन है। जिस पर पाटन नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ वाजपेयी को जरा से भी दिखाई नही देती। यहां की नालियां जर्जर हो गई है। नालियों में लगे स्टेप डेम के लोहे के खिड़की गायब हो गई है, तेज बारिश होने पर नालियों के पानी में ना बहकर नालियों के ऊपर बहती है जिस पर राहगीर एवं दो पहिया वाहन दुघर्टना का शिकार होते हैं। ये गंभीर समस्या कब ठीक होगी ये भगवान भरोसे है। नालियों में लगे लोहे की रॉड को अभी लगाए गए लगभग एक साल नही हुआ है और अभी से ये समस्या आ पड़ी है क्या नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ वाजपेयी को तनिक भी कोई खबर नही यह अनदेखा किया जा रहा है। विभिन्न जगहों के नालियों में लगे लोहे के रॉड को उखाड़कर चोर ले गए हैं। जिस पर कोई जिम्मेदार अधिकारी की नजर नही पड़ी और ना ही नगर के अधिकारी सौरभ वाजपेयी की हरिभूमि की खबर आय दिन प्रकाशित कर रही है जिस पर कोई उच्चाधिकारियों की ध्यान नही दे रही। अब देखा जाना है कि इस गंभीर मामले को जिलाधिकारी या ब्लॉक के अधिकारी संज्ञान में लेती है या खुला छूट मिल जाएगा।

## कामकाज में अधिक पारदर्शिता और कसावट के लिए किया बदलाव

# कुम्हारी पालिका अध्यक्ष ने किया पीआईसी पुनर्गठन, नए को मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने अपनी पीआईसी का पुनर्गठन किया है। बता दे कि नए पीआईसी गठन में पूर्व में गठित मेम्बरों के विभागों में फेरबदल करते हुए एक नए पार्षद को शामिल किया गया है। जिसकी सूचना बुधवार को समस्त पीआईसी मेम्बर व नगर पालिका अधिकारियों को दे दी गई।

इस विषय पर अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि पीआईसी मेम्बरों के पुनर्गठन निकाय चुनाव पूर्व नगर की अधूरी योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने तथा कामकाज में अधिक पारदर्शिता एवं कसावट के साथ अपने कर्तव्यों का तत्परता से पालन करने के उद्देश्य से किया गया है। अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा की पीआईसी गठन में अनुभवी, युवा व मेहनती पार्षदों को स्थान दिया गया है। जिससे कि जनाकांक्षाओं को समय पर पूर्ण करने शिथिल पड़ी योजनाओं को गति देने परिषद में नवीन ऊर्जा का संचार कर नगर में विकास की परिकल्पना मोर कुम्हारी को भव्य साकार रूप देने के लिए हमारे समस्त पार्षदों का महत्वपूर्ण योगदान रहे।

### कई पार्षदों के विभागों में फेरबदल




### तीन महीने रहेगी नई पीआईसी

नए पीआईसी मेम्बरों को संभवतः महज तीन माह ही काम करने का मौका मिलेगा बता दे कि पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर का कार्यकाल जनवरी 2025 तक है। हालांकि अंदेशा है कि इसी सत्र दिसंबर के अंत तक निकाय चुनाव हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में नई पीआईसी का कार्यकाल मात्र तीन माह का ही होगा। बता दे कि वर्तमान पीआईसी सदस्यों में पार्षद राकेश कुर्रे को छोड़कर बाकी सदस्य पिछले चार वर्षों से अधिक समय तक अध्यक्ष की टीम के मेंबर रहें है।

### सिर्फ सदस्य को ही बदला गया

नए पीआईसी मेम्बरों के गठन में पालिका अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद ओमनारायण वर्मा के स्थान पर वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद राकेश कुर्रे को स्थान देकर राजनैतिक गलियारों में चर्चा का माहौल बना दिया है हालांकि विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर राकेश कुर्रे को पीआईसी में शामिल कर मौका देने की बात सामने आ रही है।

### इन पार्षदों को मिला विभाग

वार्ड चार के पार्षद मनहरण यादव को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, पार्षद जानकी ध्रुव को जल कार्य विभाग, पार्षद थनेश पटेल को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग, पार्षद युजेन्द्र कुमार साहू को राजस्व और बाजार विभाग, पार्षद राकेश कुर्रे को खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग, पार्षद नीतू रावते को शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग, पार्षद के. रवि कुमार को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभार दिया गया है।

# प्रशिक्षण से अंग्रेजी के प्रति बच्चों में सीखने की ललक बढ़ेगी: पांडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

राज्य शासन के निर्देशानुसार बीआरसी पाटन में 15 जुलाई से 20 जुलाई तक पांच दिवसिय अंग्रेजी प्रशिक्षण के कक्षा 1 ली से पाँचवी पढ़ाने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। सेजस खोपली की रेखा रानी मिश्रा व सेजस पुरई की श्रीदेवी ने बेहतर तरीके से शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रुप में मोटिवेट किया। प्रथम दिवस से ही अंग्रेजी विषय में गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में पाटन ब्लाक के लगभग सभी स्कूलों से कुल 48 शिक्षक शामिल हुए। अंग्रेजी किट के माध्यम से बच्चे स्वयं करके सीख पाएंगे तथा आडियो डिवाइस के द्वारा बच्चों को सुनकर एवं गतिविधि कर सिखने में सहायता मिलेगी। बच्चों में सीखने के प्रति रूचि बढ़ेगी। बीआरसी खिलावन चोपडिया ने प्रशिक्षण को सार्थक एवं उपयोगी बताते हुए कहा कि अंग्रेजी के प्रति बच्चों में सीखने का ललक बढ़ेगा और खेल-खेल में सीखेंगे। दुर्ग जिला स्त्रोत केन्द्र समन्वयक सुरेन्द्र पांडे ने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण प्रभावी होता है तथा कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। इस प्रशिक्षण से अंग्रेजी शिक्षण को सहज, सरल एवं बेहतर ढंग से बच्चों के बीच प्रस्तुत करने के बारे में बताया गया। उन्होंने सभी शिक्षकों को कक्षा के अंदर अंग्रेजी के छोटे छोटे शब्दों को बेहतर उपयोग करने पर जोर दिया। पाटन बीइओ प्रदीप कुमार महिलांगे ने भी प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। इस प्रशिक्षण का समापन संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम के साथ हुआ।

■ प्राथमिक शिक्षकों ने सीखे अंग्रेजी पढ़ाने के सरल तरीके

# सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी



डॉ. केशव हेडगेवार बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी में गुरुपूर्णिमा का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथि परिचय में मुख्य अतिथि भास्कर राव किन्हेकर, विद्यालय के अध्यक्ष निश्चय वाजपेयी, सचिव अवधेश दुबे, कोषाध्यक्ष गीतेश्वर साहू, प्राचार्या मनीषा साहू एवम विद्यालय परिवार इस कार्यक्रम में समिल्लित हुए। यह गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम विद्यायल में पढ़ने वाले भैया एवं बहनों द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में गीत, भाषण, कविता प्रस्तुत किए गए। साथ ही खेल का आयोजन भी किया गया था जिसमे आगंतुक अतिथियों का भी सहयोग रहा। अतिथि उद्बोधन में भास्कर किन्हेकर ने कहा कि गुरु अपने शिष्य का सर्वांगीण विकास कर उसे एक अच्छा नागरिक बनाता है। विद्यालय के अध्यक्ष निश्चय वाजपेयी ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप संस्कारयुक्त एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा देने पर जोर दिया। अंतिम में प्राचार्य मनीषा साहू द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

### बाबा दरबार में गुरुपूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की उमडी भीड़

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी रही। सुबह 10 बजे से गुरु पुजन हवन शान्ति पाठ किया गया



फिर 11 बजे से श्रद्धा सुमन मानस परिवार उतई के द्वारा मानस गान, 2 बजे से सिया की राम संगीतमय भजन मंडली खट्टी अभनपुर गायिका मालती निषाद के मन्डली द्वारा भजन कीर्तन गाया गया। जिनको सुनकर सभी भक्तगण नाचने एवं झुमने लगे सभी के दिल जीत लिया, तिसरा कनक सिया मानस परिवार कटंगी गन्डई के छोटी सी बालिका 8 वर्षी के द्वारा भजन गाकर सभी भक्तों को मंत्र मुगध कर दिया भोलेनाथ के एवं राम जी के गीत गाकर सुनाया गया एवं गुरु शिष्य के बारे में प्रकाश डाला गया , चतुर्थ ओम आदित्य मानस परिवार संतोष ढीमर विनीता ढीमर ख्याति मंडली के द्वारा रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक कथा रसपान कराया गया।

# एक पेड़ मां के नाम पर चलाया पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में रेडक्रास और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण अभियान चलाया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. डीके बेलेंद्र के मार्गदर्शन में और रेडक्रास अधिकारी अंजुरानी ठाकुर के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता 'भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणाम' विषय पर आयोजित किया गया। जिसके विजेता दीपेश कुमार बीए अंतिम वर्ष रहे। 'मां के नाम पर एक पेड़' की विचारधारा को अंगीकार करते हुए एनएसएस प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर, महविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. सीमा जायसवाल, पूजा सोढ़ा, अन्नपूर्णा यादव, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा और डॉ. शिप्पी देवांगन उपस्थित थे। ग्राम निकुम के तालाब में करंज, नीम के पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक मोहित कुमार, दीपेश, ओमेंद्र, लिलेश्वरी, चांदनी, आरती, चित्रलेखा आदि ने अपनी भागीदारी निभाई।



# सेजस कुम्हारी में शिक्षा गुणवत्ता पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

शिक्षा शपथ एनईपी 2020 चौथी चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष में सेजेस कुम्हारी में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा गुणवत्ता के लिए विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। जिसमें 22 जुलाई को टीएलएम टीचिंग लर्निंग मटेरियल डे और 23 जुलाई को एफएलएन फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी डे विद्यालय में मनाया गया। 22 जुलाई को कक्षा 6वीं से 12वीं तक के शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के सहायक शिक्षण सामग्री जैसे चित्र, चार्ट मॉडल, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन स्मार्ट क्लास के माध्यम से अनेक गतिविधियों के साथ बच्चों की कक्षा में शिक्षण अधिगम को रुचि पूर्ण बनाकर पढ़ाया गया। 23 जुलाई को कक्षा पहली से पांचवी तक के शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के एक्सीलेंट क्लास ली गई, जैसे कक्षा चौथी में बेसिक ऑफ क्लॉक रोमन नंबर, सेंस ऑर्गन्स एक्टिविटी, क्लास 1,2,3 में एक्टिव लर्निंग मेथड की सहायता से बच्चों की कक्षाएं ली गई। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों को ह्नमन रेस्पिरेटरी सिस्टम, ग्रीनहाउस हाउस इफेक्ट, टाइप ऑफ़ फ्रैक्शन जैसे विषय को एफएलएन की सहायता से पढ़ाया गया। जो अत्यधिक रुचि पूर्ण साबित हुई। बच्चों ने भी अपनी उत्सुकता दिखाते हुए कक्षा में अपनी पूर्ण भागीदारी दी एवं कक्षा अधिगम को और प्रभावशाली बनाने के लिए कई प्रकार की गतिविधियों को कराया गया जैसे संस्कृत के श्लोक एवं हिंदी की कविताओं को गायन विधि के माध्यम से कक्षा को रुचि पूर्ण बनाया गया और बच्चों ने भी बहुत अच्छी प्रस्तुति दी।

## बिजनेस साइट

### हाइटेक हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने कटने से बचा लिया युवक का हाथ



**भिलाई।** हाइटेक हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने एक युवक के हाथ को काटे जाने से बचा लिया है। युवक के हाथ में, काम करने के दौरान कांच का एक टुकड़ा गहरा धंस गया था। इससे न केवल उसकी मुख्य नसें कट चुकी थीं बल्कि मांसपेशियों को थामने वाली कण्डराएं भी कट चुकी थीं। कलाई में लगी इस चोट के कारण हथेली और उंगलियां काली पड़ने लगी थीं। मेडिकल डायरेक्टर एवं वैस्कुलर सर्जन डॉ. रंजन सेनगुप्ता ने बताया कि 25 वर्षीय इस युवक की हालत को देखते हुए तत्काल एक टीम बनाई गई जिसमें प्लास्टिक सर्जन एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन को भी शामिल किया गया। बारीकी से सभी नसों को दोबारा जोड़ दिया गया तथा कण्डराओं (टेंडन्स) का भी सर्जिकल रिपेयर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद युवक के हाथ में गतिशीलता आ गई है और वह सभी काम पहले की तरह कर पा रहा हैफिलहाल उसे दाहिने हाथ का उपयोग थोड़ी सतर्कता के साथ करने औऱ ज्यादा जोर नहीं डालने की सलाह दी गई है। टेंडन्स के चोट को ठीक होकर पूर्वावस्था तक जाने में काफी समय लग सकता है।

**नाम परिवर्तन**

मन के मय श्रीमती चंद्रकला पति श्री संतोष कुमार उम्र वर्ष निवासी 286, रामनगर चांदनी चौक रामनगर सुपेला भिलाई, तह.व. जिला दुर्ग छ.ग आधार नं. 5094 6189 9663 की हूँ :-

जो कि मैं निम्नलिखित बयान शपथपूर्वक पेश करती हूँ :-

1. यह कि मैं उक्त पते पर निवास करती हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्र का पुराना नाम जीवेश पैंकरा था।
3. यह कि मैंने अपने पुत्र का नाम सुधार कर जीवेश साय पैंकरा रख लिया हैं। जो कि सही व सत्य हैं। जो कि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज हैं।
4. यह कि उपरोक्त लिखीत दोनों नाम जीवेश पैंकरा एवं जीवेश साय पैंकरा मेरे पुत्र एक ही व्यक्ति के ही नाम हैं।
5. यह कि मेरे पुत्र को वर्तमान नाम जीवेश साय पैंकरा से जाना व पहचाना जाये। अतः यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
श्रीमती चंद्रकला






## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को मिला निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन इस्पात ग्राम पहंडोर में किया गया। चिकित्सक डां.निशि मिंज, रेखा देव, फार्मासिस्ट एस बी राय, मंजूर अली तथा रजनी रजक ने सेवाएं दीं। शिविर में 76 लोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई।

### टाउनशिप में 11 आवारा मवेशी पकड़े गए



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा टाउनशिप में आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान चलाया जा रहा है। प्रवर्तन अनुभाग द्वारा विभिन्न स्थानों से गुरुवार को 11 आवारा मवेशियों को पकड़कर उन्हें कोसानगर गौठान भेजा गया। बरसात के मौसम में आवारा मवेशी अक्सर हरी घास की तलाश में टाउनशिप की सड़कों की ओर रुख कर लेते हैं। इससे सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या ने यातायात के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है।

### सेवानिवृत्त होने वाले अफसरों का सम्मान समारोह

**भिलाई।** सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान समारोह आज बीएसपी आफिसर्स एसोसिारा जुलाई माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह शुक्रवार को शाम 7 बजे प्रगति भवन, सिविक सेंटर में आयोजित है। महासचिव परविंदर सिंह ने बताया कि कुल 131 अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। 19 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के सम्मान हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सेवानिवृत्त अधिकारी यह हैं। डॉ. प्रमोद बिनायके, सीएमओ, शैलेन्द्र कुमार क्षत्री, जीएम सुजाता भगत, एन. रमेश कुमार, डॉ. चंद्रशेखर कुरूप, एडिशनल सीएमओ डॉ. त्रिनाथ दास, एडिशनल सीएमओ, पार्थ प्रतीम राय, एजीएम धर्मेन्द्र कुमार पटेल, कृष्ण चंद्र जायसवाल, पार्थ राहा, उमेश गोडियाल, रंजीत कुमार दास, दिनेश कुमार वर्मा, सीनियर मैनेजर, रामेश्वर प्रसाद दुबे, वी. रामा राव, कृपाराम चौधरी, प्रातुल दास, सीनियर मैनेजर सुनील कुमार खोसला, मैनेजर बलराम सिंह परतेटी शामिल हैं।

### सेक्टर 7 तिराहे पर स्ट्रीट लाइट महीनों से बंद

**भिलाई।** बरसात के मौसम में टाउनशिप के सेक्टर 7 होसन्ना चर्चा तिराहे पर स्ट्रीट लाइट महीनों से खराब होने से अंधेरे के कारण दुर्घटना का आशंका बनी हुई है। तिराहे से सेंट्रल एवेन्यू मार्ग, ई मार्केट और कल्याण कालेज जाने वाले मार्ग है। तिराहे की स्ट्रीट लाइट तीन चार महीने से खराब है। एलईडी लाइ जलती बुझती रहती है। रात में अंधेरे के कारण वाहनचालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। बारिश के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने नगर सेवाएं विभाग से लाइट सुधारने की मांग की है।

### सेक्टर 7 मार्केट में कचरे से बदबू

**भिलाई।** सेक्टर 7 ए मार्केट में सेलून लाइन रोड पर नाली का मलबा फैला पड़ा है। इससे गंदगी और बदबू से व्यासायी व राहगीर परेशान हैं। व्यवसायियों ने बताया की सफाईकर्मियों ने नाली की सफाई कर गीला व प्रदूषित कचरा किनारे ही छोड़ दिया है। बारिश पड़ने बदबू से बुरा हाला है। आवारा मवेशी और कुत्ते कचरे व मंदिर के आसपास फैला रहे हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

# बीएमएस औद्योगिक क्षेत्र में करेगा संगठन का विस्तार

## स्थापना दिवस पर निकली रैली और मजदूर हित में प्रयास तेज करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस बीएमएस जिला दुर्ग एवं उनके संबद्ध यूनियनों द्वारा संयुक्त रूप से औद्योगिक क्षेत्र मंगल बाजार छावनी में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मिथिलेश विश्वकर्मा ने की। यूनियन ने संगठन को मजबूत कर मजदूर हित में प्रयास तेज करने का आह्वान किया।

सबद्ध 13 यूनियनों द्वारा छावनी चौक से मंगल बाजार तक रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे द्वारा भारत माता व विश्वकर्मा भगवान और दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरु किया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष रवि चौधरी ने बीएमएस कीकार्य शैली पर प्रकाश डाला और प्रदेश महामंत्री द्वारा जिले में विस्तार के लिए विशेष योगदान देने वाले वाले नगर निगम से विष्णु चंद्राकर, बिजली यूनियन से कामेश, बीएसपी से विष्णु चंद्राकर को सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष आईपी मिश्रा, पूर्व महामंत्री रवि शंकर सिंह, विनोद उपाध्याय शारदा गुप्ता, सुरेंद्र चौहान संजय प्रताप सिंह कैलाश सिंह सुदीप सेन गुप्ता रजनेश सिंह व अशोक शर्मा भी को भीसम्मानित किया। एसएम पांडेय ने संबोधित किया। जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र छावनी में भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाने के पीछे जिला मजदूर संघ का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र में यूनियन का विस्तार करना है। औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों द्वारा लगातार यूनियन के समक्ष शिकायत मिलती है कि औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को पीएफ एवं ई एस आई सुविधा कंपनी में कार्यरत सभी श्रमिकों को नहीं मिलता साथ ही कंपनी में कर्मचारियों की सुरक्षा का भी पूरा बंदोबस्त नहीं रहता और समय पर वेतन भुगतान भी नहीं किया जाता। समाधान किया जाएगा। बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बीएस राजपूत ने जिले में संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव प्रमोद श्रीवास्तव और शशि भूषण शर्मा प्रदेश महामंत्री राधाकांत पांडे ने भी संबोधित किया।



### एरियर्स का उठा मुद्दा

कार्यक्रम में बीएसपी कर्मियों के लंबित एरियर्स का मुद्दा भी उठा। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि सेवा निवृत्त कर्मचारियों की मांग 39 महीने का एरियर्स पर्क्स के बकाया एरियर्स न मिलने से और ग्रेज्युटी को सीलिंग के दायरे में लाने से रिटायर्ड होने वाले कर्मियों में असंतोष है। रिटायर्ड कर्मचारियों को रिटेंशन आवास मिलने में भेदभाव से रिटायर्ड कर्मचारियों में नाराजी है। कार्यक्रम में अनिल सिंह,वाल्मीकि सिंह,धर्मेंद्र श्रीवास्तव,शिवेंद्र दुबे, संतोष टेंभुरकर, मृगांग शेखर, लव पुरी आदि पदाधिकारियों सहित अनेक लोग शामिल हुए।

## बारिश और ट्रैफिक के बीच घड़ी चौक पर बसों की यात्री करते हैं प्रतीक्षा

# बढ़ते औद्योगिक तीर्थ को चाहिए अब एक अदद नया बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

क्या आप लंबी दूरी की रात्रिकालीन बसों से सफर करने की तैयारी कर रहे हैं। तो जरा ठहरिए...। बस के इंतजार में आपको को बरसते पानी के दौरान सड़क किनारे खड़े होकर ट्रैफिक का जोखिम भी हो सकता है। शहर में अब तक नया बस स्टैंड निर्माण नहीं होने बरसात के मौसम ने मुसाफिरों की परेशान बढ़ा दी है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई में दो दशक बाद भी नया बस स्टैंड का निर्माण नहीं किया गया है। इस मामले में नगर निगम और जन प्रतिनिधियों की लंबी सुस्ती रोज सफर करने वाले मुसाफिरों पर भारी पड़ रही है। सबसे ज्यादा तकलीफ रात्रिकालीन लंबी दूरी की प्राईवेट बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों को हो रही है। सैकड़ों लोगों को रोज भारी ट्रैफिक के बीच घड़ी चौक, नेहरु नगर चौक और पावरहाउस चौक पर सड़क किनारे खड़े होकर बारिश के बीच इंतजार करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद बड़े शहरों में भिलाई और दुर्ग ही हैं, जहां अब तक नये बस स्टैंड निर्माण किए जाने की जिम्मेदार एजेंसियों ने जहमत नहीं उठाई है। रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, कोरबा आदि कई शहरों में यात्रियों की सुविधा के लिए इस दौरान नए बस स्टैंड का निर्माण किया जा चुका है। भिलाई में 40 साल पुराना बस स्डैंट पिछले दस साल से अनुपयोगी होकर बंद टाईप का हो गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यह बस स्टैंड आबादी बढ़ने से छोटा पड़ने के साथ ट्रकों, दुकानों और गैराजों आदि का कब्जा होने से होने से अधिकतर बसें अंदर नहीं जातीं। महागरीय व रात्रिकालीन बसें बाहर फोरलेन के किनारे ही खड़ी होती हैं। पुराने टिकट काउंटर आफिस भवन में निगम से संबंधित एजेंसी का पांच साल से कार्यालय खुल गया है। पेशेवर कब्जाधारी कब्जे की तैयारी में हैं। पावरहाउस बस स्टैंड के अनुपयोगी होने के बाद 7 साल पहले निगम से नया बस स्टैंड बनाने की मांग पार्षदों ने की थी। लेकिन अब तक नए बस स्टैंड का निर्माण नहीं किया गया है।

### पचास साल पुराना पावरहाउस बस स्टैंड हुआ अनुपयोगी

**खास बातें**

- रोज सैकड़ों बसें व हजारों यात्री करते हैं सफर
- राज्य के अन्य बड़े शहरों में बन चुके बस स्टैंड
- नगर निगम और जन प्रतिनधियों की सुस्ती पड़ रही भारी



### बारिश में यात्रियों की परेशानी

यात्रियों की बढ़ी तादाद को देखते हुए नया बस स्टैंड नहीं होने से भिलाई और आसपास के यात्रियों को रायपुर और राजनांदगांव या नागपुर की ओर जाने आने के लिए रात्रिकालीन निजी बसों और महानगरीय बसों के लिए बस पकड़ने भारी परेशानी हो रही है। हजारों यात्री रोज घड़ी चौक, नेहरुनगर चौक और पावरहाउस चौक पर व्यस्ततम फोरलेन के किनारे परिवार और लगेज का साथ बसों का इंतजार करते हैं। सुबह से रात दस बजे तक जानलेवा ट्रैफिक का सामना करते हुए बसों में चढ़ते उतरते हैं। रात्रिकालीन बसों के लिए सबसे जोखिम व तकलीफदेह स्थिति सुपेला चौक पर होती है। मुसाफिर रायपुर जाने कमला मेडिकल स्टोर के निकट बस टिकट बुकिंग कार्यालय के सामने और नागपुर की ओर जाने घड़ी चौक के आगे सड़क किनारे इंतजार करते हैं। बारिश में भीगते रहते हैं। गर्मी में चिलचिलता धूप और ठंडी में खुले में इंतजार करते हैं। सड़क के धूल धुएं व ट्रैफिक से हलाकान होते रहते हैं। यात्रियों ने बताया कि अन्य शहरों की तरह पूरे देश में प्रसिद्ध भिलाई में भी सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड टर्मिनस बनाने के लिए निगम व जनप्रतिनिधियों को जाग्रत होने की जरुरत है। एजूकेशन हब होने के कारण रोज सैकड़ों विद्यार्थी व पालक यहां से बाहर आना जाना करते हैं।

# रिटेंशनधारियों को दस दिन में खाली करना होगा आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुछ अवधि के लिए बीएसपी आवासों में निवास करने वाले रिटायर कर्मचारियों पर अब प्रबंधन ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग ने 400 रिटेंशनधारियों को नोटिस भेजकर कहा है कि वे बकाया भुगतान कर 10 दिन के अंदर संयंत्र आवास खाली कर दें। उनके जमानतदार बीएसपी कार्मिकों को भी नोटिस भेजा गया है।

उनसे कहा गया कि किराए की राशि यदि बकाया होगी तो उनके वेतन से यह राशि काटी जाएगी। इससे रिटेंशनधारियों के साथ जमानतदार भी चिंतित हैं। निर्धारित अवधि के बाद आवास खाली नहीं करने वाले रिटेंशनधारियों के विरुद्ध अब नगर सेवाएं विभाग कार्रवाई करने जा रहा है। जिन रिटेंशनधारियों का किराया बकाया नहीं है उन्हें भी आवास खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया है। असल में रिटेंशनधारियों को केवल छह माह के लिए आवास दिया गया था लेकिन इसके बाद भी वे जमे हुए हैं। ऐसे में नगर सेवाएं विभाग का मानना है कि रिटेंशनधारी नियम विरुद्ध आवासों में रह रहे हैं। और यह परम्परा ठीक नहीं है। कई लोगों का किराया भी बकाया बताया जा रहा है।

रिटेंशन में आवास देने की शुरुआत 2007 से हुई थी। शुरु में रिटेंशन की अवधि 2 वर्ष रखी गई थी ताकि इतनी अवधि में रिटायर होने वाले कार्मिक अपने निजी आवास की व्यवस्था कर सकें। बाद में 2 वर्ष की अवधि को घटाकर 6 माह कर दिया गया लेकिन नगर सेवाएं विभाग ने पाया कि रिटेंशनधारी वर्षों से जमे हुए हैं और आवास खाली नहीं कर रहे हैं। इस समय कम से कम 1100 संयंत्र आवास रिटेंशनधारियों के कब्जे में है।

रिटेंशनधारियों से बीएसपी ने एनक्यू 1 से एनक्यू 3 कैटेगरी तक के आवासों के लिए 8 लाख रु., एनक्यू 4 व एनक्यू 5 कैटेगरी के आवासों के लिए 9 लाख रु. और ईक्यू 1 व इससे ऊपर कैटेगरी के आवासों के लिए 10 लाख रु. तक जमा करा रखा है। बीएसपी के जिन रिटेंशनधारियों का किराया बकाया होगा उनके विरुद्ध अंतिम कार्रवाई के रूप में उनकी जमा राशि से मयब्याज किराया काटा जाएगा।

- नगर सेवा विभाग ने भेजा नोटिस
- छह महीने बाद करना था आवास खाली

### कर्मियों को नहीं मिल रहे अच्छे आवास

विभाग का मानना है कि रिटेंशन आवासों को निर्धारित अवधि के बाद खाली नहीं करने से कई तरह की दिक्कतें आ रही है। इससे अन्य कर्मियों को बेहतर आवास नहीं मिल पा रहा है। कई रिटेंशनधारी नोटिस के बाद भी नियमित रूप से किराया नहीं पटा रहे हैं। इधर रिटायर होने वाले कर्मी लायसेंस पर आवास लेने लगे हैं। इसके चलते बेहतर आवास मिलना नियमित कर्मियों के लिए बड़ी समस्या बन रही है।

## विधायक ललित ने क्षेत्रवासियों के लिए की सुख-समृद्धि की कामना



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को श्रावण मास की शुभकामनाएं और लोगों के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की। भगवान भोलेनाथ की कृपा से सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को सुख-समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो। साल का सबसे पवित्र महीना और भगवान शिव के समर्पित सावन माह की सोमवार 22 जुलाई से शुरूआत हो गया है। ये महीना भगवान शिव के भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस दौरान भगवान शिव के भक्त कड़ी तपस्या और जप-तप करते हैं ताकि उनकी मनोकामनाएं पूरी हो सकें।

## इंस्ट्रूमेंटेशन के अधिकारी और कार्मिक होंगे लाभान्वित, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्घाटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर–एलएंडडी विभाग द्वारा, 27 जुलाई तक कंप्यूटर कम्प्लेक्स, एचआरडीसी में 'इलेक्ट्रो न्यूमेटिक वाल्व पर प्रोसेस इंस्ट्रूमेंटेशन/स्टेप 7 वी 15 के साथ प्रोफिबस/प्रोफिनेट पर नेटवर्किंर्ग' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के अधिकारियों और कार्मिकों के लिए सेल के एमओयू पार्टनर, मेसर्स सीमेंस के एक्सटर्नल फैकल्टी के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक एसके गजभिये द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम में दिए जाने वाले जानकारियों का पूरा लाभ उठाने और प्रशिक्षण के पूर्ण होने के बाद अपने कार्यस्थल पर सीखे गए ज्ञान को लागू करने का आह्वान किया। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने कार्यक्रम की आवश्यकता के महत्व पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक एसआर जत्रेले ने प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। मेसर्स सीमेंस के फैकल्टी श्री पीयूष राज ने कार्यक्रम की संरचना के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अधिकारी सैफुद्दीन फजली द्वारा किया गया।



### खूबचंद बघेल सम्मान सत्यभामा को मिलेगा कल

**भिलाई।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग नगर इकाई व छत्तीसगढ़ भ्रातासंघ द्वारा डॉ खूबचंद बघेल 2024 का सम्मान डॉ सत्यभामा आडिल को दिया जाएगा। कार्यक्रम मकूक्ष समाज शंकर नगर दुर्ग में आयोजन 27 जुलाई दोपहर 2 बजे होगा। मुख्य अतिथि के रुप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मीरा बघेल होंगी। अध्यक्षता पदमश्री आरएस बारले करेगें। विशिष्ट अतिथि के रुप में साहित्यकार परदेशीराम वर्मा, दुर्ग राज प्रधान दुलारी वर्मा, अध्यक्ष सीजी आदिवासी विकास परिषद केआर शाह, पूर्व महापौर आरएन वर्मा मौजूद होंगे। कार्यक्रम में वक्ता समाजसेवी विष्णु बघेल, गायक गीतकार, संगीतकार कृष्ण कुमार पाटिल, क्रांति चंद्रवंशी, किरण वर्मा होंगे।

## कार्यालय परिसर में नाली ऊपर नाली से गड्ठे में भरा पानी

# ननि अधिकारियों की लापरवाही लोगों पर पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बरसात के मौसम में शहर के व्यस्ततम पब्लिक प्लेस के परिसर में निर्माण को लेकर निगम अधिकारियों की लापरवाही लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। भिलाई निगम मुख्यालय मार्ग सहित कुछ स्थानों के गड्ढे जलजमाव, गंदगी और हादसे को दावत दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने शिकायत करते हुए आयुक्त के संज्ञान में लाया है कि जब निगम मुख्यालय का यह हाल है, तब शहर के अन्य क्षेत्रों की कैसी स्थिति होगी?

भिलाई निगम मुख्यालय भवन के निकट नाली निर्माण किया गया था। लेकिन संबंधित निगम अधिकारियों ने नाली के ऊपर फिर दूसरी नाली का निर्माण करवा दिया। इससे नाली के खुले गड्ढे में प्रदूषित व बारिश का पानी जमा होने के साथ आसपास जमा हो गया है। निकट ही इसी तरह एक एक अन्य नाली के गड्ढे में जल जमाव है। नाली के आजू बाजू दोनों गड्ढठे दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। इस आम रास्ते से निगम कार्यालय व आकाशगंगा सब्जी मंडी आने जाने वालों की दिन भर भीड़ होती है। वाहन भी आते जाते हैं। यह दिया तले अंधेरा जैसी स्थिति है। सामातिक कार्यकर्ता अली हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि नाली निर्माण में निगम की लापरवाही की कीमत निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ सकती है। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई निगम प्रशासन को करना चाहिए। गड्ठों में भरे बारिश के प्रदूषित पानी से गंदगी व संक्रामक बीमारियों की भी आशंका क्षेत्रवासियों ने जताई है। निगम प्रशासन से तत्काल समस्या के निदान की मांग की है।



### घड़ी चौक निकट भी डेंजल प्वाइंट

घड़ी चौक में भी तीन महीने से नाली टूटी होने के कारण मेनहोल की तरह खुला गड्ठा हादसे को दावत दे रहा है। यहां निगम ने नाली संधारण अधूरा छोड़ दिया है? दो महीने से यथा स्थिति है। नाली के तो फीट गहरे गड्ठे के ऊपर लकड़ी गड़ाकर लाल कपड़ा बांधकर निगम के लोगों ने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। मार्केट के व्यवसायियों ने बताया कि तीन महीने के दौरान कई दोपहिया चालक गड्ढे में गिरकर चोटिल या घायल हो चुके हैं। इसी गड्ठे के किनारे से दोपहिया व कारचालक शार्टकट घड़ी चौक पर आवाजाही कर रहे हैं। रात के अंधेर में जोखिम ज्यादा होता है। कई बार शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन अकर्मण्य बना हुआ है।







# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04 लबादे का फैशन

## लाइव इवेंट

### कलाकारों को ट्रेनों में मिलने वाली रियायत पुनः शुरू करने की मांग



**भिलाई।** वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा ने कलाकारों को रेलवे यात्रा के दौरान मिलने वाली रियायत को पुनः शुरू करने की मांग है। इसे लेकर उन्होंने दुर्ग सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा। इस पर सांसद ने रेलमंत्री से मिलकर चर्चा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ललित कला समूह से जुड़े हुए अनेक कलाकार उनके साथ मौजूद थे। शर्मा ने बताया कि कोरोनाकाल में कलाकारों को यात्रा के दौरान मिलने वाली रियायत को बंद कर दिया गया था। अब सामान्य दिनचर्या के बाद भी इसे बहाल नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप देश भर के कलासाधक निराश हैं। रंगकर्मी विजय शर्मा ने सांसद को बताया कि आप स्वयं एक राष्ट्रीय स्तर के कलाकार रहे हैं। भलीभांति उनकी समस्याओं से वाकिफ हैं। अक्सर कलाकार अभावों में जीते हुए अपने कला का प्रदर्शन करते हैं। इसे बंद किए जाने से प्रदर्शनकारी कलाओं पर बहुत बुरा असर पड़ा है। कलाकारों को दूसरे शहरों और कज्बों में जाना होता है। इससे भारतीय कला-संस्कृति का विकास होता है। एक दूसरे क्षेत्र की अंतरभाषीय कलाओं को समझने और ज्ञानार्जन का मौका भी मिलता है। अतः इसे शीघ्र शुरू किया जाना चाहिए। सांसद विजय बघेल ने कलाकारों की इस मांग को न्यायोचित मानते हुए इसे उचित फोरम में उठाने का आश्वासन दिया है।

- ललित कला समूह के कलाकारों ने सांसद विजय बघेल से की मुलाकात

● जिला प्रशासन ने निकायों को दिए निर्देश, घरों के आसपास जमा न होने दे पानी, जहां उल्टी-दस्त की शिकायत, वहां पानी उबालकर पीयें

# हेल्थ अलर्ट : बारिश के दिनों में डायरिया, मलेरिया, डेंगू टाइफाइड और वायरल का खतरा, स्ट्रीट फूड खाने से बचें

बारिश शुरू होने के साथ ही मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव और गंदगी पसरी हुई है। ऐसे में उल्टी-दस्त, डायरिया, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, वायरल का खतरा बढ़ गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे जहां कहीं भी उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही हैं, वहां लोगों को पानी उबालकर पीने की सलाह दें। क्लोरीन को गोलियों का वितरण शुरू किया गया है। इतना ही नहीं जहां कहीं भी पानी जमा है, वहां मच्छर न पनपे, इसके लिए पानी निकासी के इंतजाम किए जा रहे हैं। इधर डॉक्टरों की सलाह मानें तो बारिश के दिनों में बाहर का पानी पीना एवाइड करना चाहिए। स्ट्रीट फूड खाने से बचना चाहिए।



**भिलाई।** खास तौर पर नाश्ते में ठंडी चीजें खाने से बचना चाहिए। इससे पेट खराब होने की शिकायतें हो सकती हैं। मच्छर से बचाव के लिए सुबह और शाम के समय घर के दरवाजे-खिड़कियां बंद रखनी चाहिए। इस समय में ही मच्छर काटने से मलेरिया हो सकता है।इसके अलावा तबीयत बिगड़ने पर तुरंड चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है। इधर मौसमी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रही है। अकेले दुर्ग जिला अस्पताल में रोजाना 300 से ज्यादा मरीज सर्दी-खांसी-बुखार के पहुंच रहे हैं।

बारिश की वजह से घरों के अंदर नमी आने से सीलन की समस्या पैदा हो जाती है। घरों में बढ़ी नमी ब्लैक फंगस के खतरे को भी बढ़ा सकता है। वैसे तो ब्लैक फंगस गर्मी में पैदा होती है, लेकिन बारिश की नमी में यह तेजी से फैलता है। ट्विनसिटी के जनरल प्रैक्टिसनर डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया कि बारिश के दिनों में थोड़ी सावधानी बरती जाए तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है। मौसम बदलने के साथ ही सर्दी-खांसी, बुखार, गले और हाथ-पैर में दर्द आम परेशानी है। मौसम बदलने के साथ वातावरण में आए कीटाणुओं से होने वाले बुखार को कहते हैं। ये हवा और पानी के जरिए फैलते हैं। सामान्य बुखार किस तरह का है, ये वायरस के प्रकार पर निर्भर करता है। वैसे तो इसमें सिर्फ बुखार ही आता है, लेकिन कुछ लोगों को खांसी और जोड़ों में दर्द भी हो सकता है, लेकिन ये फ्लू, डेंगू या चिकनगुनिया नहीं होते हैं। यह बुखार तीन से सात दिनों तक रह सकता है। इसकी मियाद वायरस पर निर्भर करती है। इसलिए खाना खाने से पहले हाथ जरूर धोएं, जहां तक हो सके बासी भोजन या अन्य खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। ताजे फल विशेष रूप से मौसमी फलों का सेवन करें। बारिश में न भीगें, भीगने की स्थिति में गीले कपड़े न पहनें। बाहर का खाना विशेष रूप से स्ट्रीट फूड को एवाइड करें।

### ऐसे समय में हेपेटाइटिस ए और ई (पीलिया) का खतरा

बरसात के मौसम में इस रोग के होने की संभावना बढ़ जाती है। पीलिया होने पर हेपेटाइटिस ए या ई हो सकता है। यह लिवर की कोशिकाओं में संक्रमण के कारण होता है। इस रोग के कीटाणु दूषित खाने की चीजों से और पीने का पानी बिना उबाले या बिना फिल्टर किए पीने से शरीर के अंदर चले जाते हैं। लिवर के रोगग्रस्त होने के कारण ब्लड में बिलरुबिन की मात्रा बढ़ जाती है। इससे शरीर के अंग पीले दिखाई देते है और पीलिया हो जाता है। हल्की बुखार, भूख न लगना, थकान महसूस होना, नाखून और आंखों में पीलापन इसके लक्षण हैं। इससे बचाव के लिए पानी उबाल कर या फिल्टर वाटर ही पिएं। बाहर का खाना न खाएं। पब्लिक वॉशरूम को सेफ्टी के साथ इस्तेमाल करें।

### बड़ों से ज्यादा बच्चों में वायरल का खतरा

डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि मौसम में बदलाव और बारिश का असर बड़ों से ज्यादा छोटे बच्चों में पड़ता है। 10 साल तक के बच्चों में संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है। बच्चे संवेदनशील होते हैं। इसके अलावा उल्टी-दस्त या डायरिया ज्यादा शिकायतें हो सकती हैं। जुकाम, खांसी, तेज बुखार, जोड़ों में दर्द की शिकायत हो तो, इसे एवाइड न करें। इसे तुरंत डॉक्टर को दिखाए, ये वायरल के अलावा टाइफाइड, मलेरिया जैसी बीमारी भी हो सकती है। अपनी मर्जी से दवा न लें, इससे आपकी सेहत पर ही असर पड़ेगा। बारिश के दिनों में पानी उबालकर पिएं। स्ट्रीट फूड को एवाइड करें। ठंडा भोजन न करें। पानी पीते रहें, उल्टी-दस्त होने पर नमक-शक्कर या ओआरएस का घोल लें।

### अपने आसपास पानी जमा न होने दें

इधर निकायों ने डायरिया और जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए अभियान शुरू किया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा निगम सहित सभी निकायों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। चिकित्सा अधिकारियों के मुताबिक पानी उबालकर पीएं। ताजा भोजन का ही सेवन करें। अपने घरों के अंदर व आस-पास कूड़ा-कचरा इकट्ठा न होने दें। अगर किसी को दस्त या उल्टियां हो तो तुरन्त उसे ओआरएस का घोल या चीनी-नमक की शिकंजी, दाल का पानी तथा पानी जैसे तरल पदार्थ पिलाना शुरु कर दें। अगर उल्टी-दस्त बहुत अधिक हैं तो रोगी को तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र जाएं। हफ्ते में एक दिन अभियान चलाकर घर के कूलर, टंकी, पुराना टायर इत्यादि में जमा पानी में टेमीफॉस का छिड़काव करें। दवा निगम द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।



## सिटी इवेंट

### कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर निकली मशालरैली



**भिलाई।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर गुरुवार को बीजेपी युवा मोर्चा द्वारा मशाल रैली निकाली गई। ग्लोब चौक सेक्टर 10 में मशाल रैली निकाली गई। इसमें संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह शामिल हुए। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय मौजूद थे। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कारगिल युद्ध के शहीद वीर सपूतों को नमन किया। रैली का समापन सिविक सेंटर रथ पार्क में किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, संजय दानी, मुरलीधर अग्रवाल, अनिल सोनी, राहुल भोंसले, राहुल परिहार, रोहन सिंह, रेहान अहमद, जोनाथन जोना, दीपक पांचाल, आकाश कांबले, गोल्डी सोनी, करण कन्नौजिया, स्वामी रेड्डी, सूरज भान, कमलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे। पाण्डेय द्वारा वैभव सिंह को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। पाण्डेय ने शहीद कौशल यादव के स्मृति स्थल पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शहीद कौशल यादव के निवास पहुंचकर उनकी माता से भेंट की।

### शालेय खेल स्पर्धाओं में भाग ले सकेंगे सीबीएसई स्कूल

**भिलाई।** आगामी दिनों में आयोजित होने वाली शालेय स्पर्धाओं में अब सीबीएसई के स्कूल भी भाग ले सकेंगे। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार (68वीं राष्ट्रीय शालेय कीडा प्रतियोगिता सत्र 2024-2025 से) सीबीएसई को एक इकाई के रूप में संबद्ध किया गया है। वर्तमान में सीबीएसई से संबद्ध संस्थाओं के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली विकासखंड स्तरीय, जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय शालेय कीडा प्रतियोगिताओं के साथ ही राष्ट्रीय शालेय कीडा प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर भाग लेते हैं। चूंकि स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया (S.G.F.I) ने सीबीएसई को भी एक इकाई के रूप में पृथक से भाग लेने के लिए अधिकृत कर दिया है। अतः सीबीएसई से संबद्ध संस्थाओं के विद्यार्थी अब सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के माध्यम से सत्र 2024-2025 से स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय शालेय कीडा प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। अतः सीबीएसई से संबद्ध संस्थाओं के छात्र-छात्राओं को स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सत्र 2024-2025 से आयोजित की जाने वाली विकासखंड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय शालेय कीडा प्रतियोगिताओं में भाग लेने से पृथक किया गया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभावश से लागू किया गया है।

# चेम्बर के चेयरमैन बड़जात्या को भीष्म पितामह का खिताब





**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन बड़जात्या को भीष्म पितामह के खिताब से नवाजा गया। पिछले दिनों आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान दिया गया। वे हटरी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष पवन बड़जात्या भी हैं। इसके अलावा बीजेपी व्यापारी प्रकोष्ठ में लंबे समय तक पदाधिकारी रह चुके हैं। पिछले करीब 40 सालों से चेंबर से जुड़े हुए हैं। अपने अनुभव और समर्पण के साथ उद्योग और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बड़जात्या थोक कपड़ा बाजार के पूर्व अध्यक्ष और लघु उद्योग भारती के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य भी रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने कई बार चेम्बर के चुनाव में संचालन किया। पवन बड़जात्या एक समाजसेवी भी हैं। बड़जात्या ने अपने प्रयासों से धमधा, अर्जुन्दा, गुंडरदेही, बालोद, अंजोरा, पाटन, रानीतराई, नगपुरा,एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों सदस्य बनाए हैं। आयोजित कार्यक्रम में लघु उधोग भारती के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश सांखला, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अशोक राठी, साडा के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, संजय चौबे, आशीष निमजे, अनूप गटागट, मोहम्मद अली हिरानी, विनय खंडेलवाल, मेहंदी भाई समनानी सहित अन्य मौजूद थे।

# सतना में 28 को होने वाले संकल्पम समारोह में शामिल होंगी सुमन पांडे



**भिलाई।** लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी की नई अध्यक्ष सुमन पांडे 28 जुलाई को लायंस क्लब के संकल्पम्-प्रथम डिस्ट्रिक्ट केबिनेट बैठक एवं डिस्ट्रिक्ट शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल होने अपनी कार्यकारिणी के साथ सतना जाएंगी। दुर्ग शहर के सामाजिक सेवाकार्यों एवं मानवमात्र की सेवा मे समर्पित लायन क्लब के लक्ष्य को गति प्रदान करने हेतु संकल्पित ऊर्जा ग्रहण कर शहर को नए आयाम मे ले जाने हेतु नॉन गावरमेंट आरगेनाईजेशन के रूप मे कृतसंकल्पित हैं। उनके साथ अनिता तिवारी टेमर, अन्तराष्ट्रीय साहित्यकार डॉ. रौनक जमाल, सतीष चंद सुराना, कैलाश बरमेचा, स्नेहलता साहू इस कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे। पांडेय साहित्यकार छायावादी काव्य के प्रणेता पद्ममश्री मुकुटधर पांडे की बहु हैं। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद क्लब की गतिविधियों में ऊर्जा का संचालन तीव्र गति से हो रहा है। नए सदस्यों को जोड़ा जा रहा है। नए मील के पत्थर स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।

**नगपुरा सेजस का आयोजनः 25 स्कूलों के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने लिया भाग, सम्मानित भी हुए**

## कार्नर न्यूज

# स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने उकेरी प्रतिभा, जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगपुरा में 4 संकुल से करीब 25 प्राइमरी, मिडिल, हाई, हायर सेकंडरी स्कूल के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा प्रदर्शित की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश अपनी चित्रकारी के जरिए दिया। इस बर उन्हें सम्मानित भी किया गया। आयोजन के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों ने पौधे रोपेकर उन्हें सहेजने और उनके संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर सेवा फाउंडेशन के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। आयोजन में नगपुरा, बोरई, बेलौदी, भेंड़सर, अंजोरा, खुरसुल, खुरसीडीह, दमोदा, ढाबा, मालूद टोला, कोडियाडीह, कोटनी, मालूद, गनियारी सहित आसपास के अन्य स्कूलों से दो-दो छात्रों ने ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिताा में भाग लिया।प्रतियोगिता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, सरपंच भूपेंद्र रिगरी, सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकुंद पारकर, पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### जनप्रतिनिधियों ने रोपे बरगद पीपल, आम, आंवला के पौधे

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने बरगद, पीपल, आम, आंवला जैसे फलदार और छायादार पौधे रोपे। आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, नंदकुमार सेन सहित अन्य मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अंधाधुन पेड़ कटाई से प्रकृति में असंतुलन की स्थिति बन रही है। समय रहते हमें इस समझकर इसे सहेजने की दिशा में काम करने की जरुरत है। सरपंच भूपेंद्र रिंगरी ने संस्था का आभार व्यक्त किया। सरपंच संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मूल जड़ की ओर लौटना होगा। गांव को अपनी पुरानी भूमिका में आना होगा, तब हमें अपनी धरती को बचा पाएंगे।

### सेवा संस्थाएं महिलाओं को दे रही ट्रेनिंग

सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष एसके जैन, उपाध्यक्ष सुब्रमण्यम, प्रवीण मिश्रा ने बताया कि भिलाई सहित आसपास के क्षेत्र में अकुशल श्रमिकों को क्रेन ऑपरेटिंग ट्रेनिंग दिया जा रहा है। महिला युवा समूह जिन्हें तकनीकी जानकारी सहित आवश्यक समाग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि के साथ उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरुक करने का भी काम किया जा रहा है। प्रतिभावान बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा रहा है।



सिटी इवेंट

## कारगिल युद्ध में शहीद हुए कौशल को देश कर रहा सलाम




**भिलाई।** देश 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इसे लेकर भिलाई में भी कार्यक्रम का आयोजन कियाा गया। शहीद कौशल यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद कौशल यादव की शहदत भुलाई नहीं जा सकती। उन्होंने इस शहादत दिवस पर शहीदी स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि हुडको वार्ड को तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंग ने शहीद कौशल यादव नगर नाम दिया था। वीर सपूत कौशल यादव की वीरता को आज पूरा देश सलाम कर रहा हैं। 1999 के ऑपरेशन विजय के दौरान शहीद कौशल यादव ने अकेले 30 पाकिस्तानी सैनिकों का मुकाबला किया। उन्हें जुलु टॉप की चोटी पर धूल चटाई। देश के लिए लड़ते-लड़ते बलिदान दिया।पूरे देश को उनकी वीरता और साहस पर गर्व है। परिवार वाले बताते हैं कि शहीद कौशल यादव को बचपन से सेना में जाने का शौक था। वह स्कूल के दिनों से ही सेना के बारे में जानकारी जुटाया करते थे। इंडियन आर्मी के नाइन पैरा यूनिट में उन्हे जगह मिली। साल 1989 में उन्होंने नाइन पैरा यूनिट उधमपूर में तैनाती मिली। साल 1999 के कारगिल युद्ध में उन्हें जुलु टॉप की कमान मिली थी। 25 जुलाई 1999 को कौशल यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर जुलु टॉप में पाकिस्तानी सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए। कौशल यादव ने कुल 5 पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतारा, फिर वीरगति को प्राप्त हो गए। इस प्रकार भिलाई का मान बढ़ाया।

- 26 जुलाई को पूरा देश कारगिल विजय दिवस मना रहा, शहीद कौशल यादव को श्रद्धांजलि अर्पित

### मंगल बाजार के डोम शेड का नामकरण

शहीद कौशल यादव स्मारक स्थल हुडको में कारगिल युद्ध विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हुडको मंगल बजार में स्थित डोम शेड का नामकरण पूर्व सैनिकों के सम्मान मे शहीद कौशल यादव सांस्कृतिक मंच करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, आईजी रामगोपाल गर्ग, पूर्व पूर्व विधायक अरुण वोरा, बीडी कुरैशी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, पार्षद सीजू एंथोनी, बीएसपी आफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स स्कूल और अंजोरा वेटनरी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण अग्रवाल और आभार प्रदर्शन एमआईसी सीजू एंथोनी ने किया।



### विजय दिवस सैन्य पदक को सहेजकर रखा

**भिलाई।** पुरातत्व धरोहर को सहेजने वाले सेक्टर-7 निवासी एचसी कश्यप ने पदक को सहेजकर रखा है। उन्होंने दिल्ली आर्मी कैम्प से इस मेडल को खरीदा था। उन्होंने बताया कि 2022 को तत्कालीन सेना अध्यक्ष मनोज पांडेय ने उन्हें इसके लिए आभार पत्र भी भेजा था। उन्होंने अब तक 60 से ज्यादा सैन्य पदकों का संकलन किया है। कश्यप बीएसपी के अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि 2001 में सेना ने ऑपरेशन विजय पदक जारी किया था। इस पर उन्होंने उक्त सेना पदक लिया। उन्होंने अब तक वायु, थल और नौसेना के 60 से ज्यादा पदकों का संकलन किया है। उनकी इसमें रूचि है। वे देश के इन महान सपूतों के सम्मान में इन पदकों को लेते आ रहे हैं।





● रक्षाबंधन पर दिनभर शोभन योग, श्रावण पूर्णिमा के दिन सोमवार को मनेगा

# रक्षाबंधन 19 अगस्त को, इस बार भद्रा का साया लेकिन दोपहर 1.31 बजे के बाद बांध सकेंगे राखी

**भिलाई।** रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त श्रावण पूर्णिमा दिन सोमवार को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर इस बार भद्रा का साया तो रहेगा, लेकिन दोपहर 1 :31 बजे के बाद शोभन योग है। इसके बाद दिनभर राखी बांधी जा सकेगी। इसी दिन महाकाल की श्रावण, भादो माह में निकाली जाने वाली पांचवीं सवारी निकाली जाएगी। ज्योतिषाचार्य और पंडित बताते हैं कि भद्रा का वास पाताललोक में होने से यह अशुभ नहीं होता है। इस दिन से पंचक भी लग रहा है। 19 अगस्त को सुबह श्रवण नक्षत्र के बाद धनिष्ठा नक्षत्र लगने के कारण यह राज पंचक होगा और इसे अशुभ नहीं माना जाता है। भद्राकाल में उपाकर्म किया जा सकता है। इस पर रोक नहीं रहती। इस दिन ऋग्वेदी, यजुर्वेदी ब्राह्मण उपाकर्म करेंगे। दोपहर 1 बजे नक भद्रा का प्रभाव रहेगा। इस दिन श्रवण नक्षत्र, पूर्णिमा और लोमवार होने से सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। साथ ही व्रत की पूर्णिमा भी इसी दिन रहेगी। इस प्रकार रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने का समय दोपहर 1.31 के बाद का है। इस दौरान पूरे दिन में कभी भी राखी बांधी जा सकती है। सभी समय शुभ माने गए हैं, कुछ समय अत्यंत शुभ माने गए हैं। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि तिथि, वार, योग, करण और पांडे के अनुसार करण तिथि के आधे भाग को कहा जाता है। विष्टिकरण को ही भद्रा कहते हैं। ते हैं। इसे शनिदेव की बहन भी कहा गया है इसलिए रक्षा बंधन और होलिका दहन में भद्रा हो तो उसका निषेध माना गया है।



### पूरे दिन शोभन योग

इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रवि योग भी रहेंगे। यह योग भद्रा काल में होने से अधिक प्रभावी नहीं रहेंगे। सर्वार्थ सिद्धि सुबह 5:53 से 8:10 बजे तक रहेगा। रवि योग सुबह 5:53 से 8:10 बजे तक रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक रक्षा बंधन के दिन शुभ मुहूर्त दोपहर 2:06 से रात 8:09 तक है। इसी दिन ब्राह्मण वर्ग वर्ष पर्यंत किए गए पापों के प्रायश्चित के लिए दशविध स्नान, नूतन यज्ञोपवित धारण और श्रावणी कर्म करेंगे। इस दिन सिर्फ बहने ही नहीं अपितु गुरु, शिष्य भी परस्पर रक्षा के भाव से रक्षा सूत्र का बंधन करते हैं। रक्षाबंधन के दिन श्रवण नक्षत्र, पूर्णिमा और सोमवार होने से सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। साथ ही व्रत की पूर्णिमा भी इसी दिन की महत्ता और बढ़ाएगी।

### 7 अगस्त को हरेली, मंदिरों में अभी से तैयारी

इस बार हरेली पर्व 7 अगस्त को है। इसे लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी प्रमुख स्थलों के अलावा स्कूलों, धार्मिक स्थलों व ग्रामीण क्षेत्रों तैयारी की जा रही है। 7 अगस्त से सावन माह में ही श्रीकृष्ण की भक्ति भी शुरू हो जाएगी। इस दिन हरियाली तीज से मंदिरों में झूले लगना शुरू होंगे। हरेली के दौरान कई छत्तीसगढ़ी पारंपरिक प्रतियोगिताएं भी होगी। इसे लेकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी निकायों और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए है। स्कूली बच्चों के अलावा कॉलेज के विद्यार्थियों को भी हरेली त्योहार से जोड़ने के लिए तैयारी की जा रही है।

### 22 जुलाई सवान की शुरुआत 19 अगस्त को समापन

22 जुलाई से सावन महीने की शुरुआत हुई है। श्रवण नक्षत्र, प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ सावन महीने की शुरुआतत हुई। पूरे सावन महीने में खरीदारी के लिए कई शुभ योग रहेंगे। सावन माह का अंतिम दिन 19 अगस्त को होगा, तब इस दिन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि रहेगी, जो अत्यंत शुभ होती है। इस दिन शोभन योग रहेगा। श्रावण मास में भोलेनाथ ही नहीं बल्कि महिलाओं के लिए मंगला गौरी पूजन के भी चार दिन मिले हैं। श्रावण में चार मंगलवार मंगला गौरी यानी मां पार्वती की भी पूजा हो रही है। श्रावण माह में इस साल भी शहर के शिवालय सजेंगे और मंदिरों में शिव अभिषेक व पूजन होगा। अनूठा संयोग यह है कि सावन के पहले दिन और आखिरी दिन भी सोमवार पड़ रहा है। मान्यता है कि सावन सोमवार व्रत रखने से भोलेनाथ प्रसन्न। होते हैं और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

### इन तिथियों में होंगे सावन सोमवार

सावन महीने की शुरुआत 22 जुलाई से हुई। इसके बाद दूसरा सोमवार 29 जुलाई, तीसरा 5 अगस्त, चौथा 12 अगस्त और पांचवां सोमवार 19 अगस्त को रहेगा। मंगला गौरी पूजन तिथिः 23 जुलाई, 30 जुलाई, 6 जुलाई व 13 जुलाई है। इस दिन मां पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। इसे शिव कल्याणकारी माना गया है, उन्हें प्रसन्न करने उनके साथ पीपल व वट आदि वृक्षों की पूजा व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य करने से मनोकामना की प्राप्ति होती है। इसे ध्यान रखते हुए भक्तों का रेला शिवालयों पर उमड़ पड़ा है। सभी प्रमुख मंदिरों में इन दिनों खासी भीड़ है। भिलाई में सीहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा जगह-जगह भजन-कीर्तन हो रहे हैं।

अभियान...

## सुभाष वेलफेयर ने किया पौध रोपण, सहेजने का लिया संकल्प




**भिलाई।** पर्यावरण के प्रति सामाजिक चेतना को जगाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सुभाष वेलफेयर सोसायटी सिंधियानगर दुर्ग के द्वारा वार्ड 21 में वृहद वृक्षारोपण किया गया। वार्ड नंबर 21 के पार्षद अरूण सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में सोसायटी के सदस्य एवं वार्ड के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सोसायटी की अध्यक्ष कुली भांजा, सचिव सुदीप मोइत्रा, कोषाध्यक्ष गौतम शील, विमल साहा, मनोरंजन राय, दिलीप बोस, तपन नाग, प्रीति राय चौधरी समेत सदस्यों ने करंज, नीम, गुलमोहर का पौध रोपण किया। अध्यक्ष काकुली भांजा ने कहा कि पेड़-पौधे हमें प्रकृति से जोड़ते है। जंगलो के नष्ट होने, अनियंत्रित प्रदूषण के फलस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके बचाव हेतु पौधारोपण जरुरी है। पार्षद अरूण सिंह ने भी पर्यावरण की जागरूकता को लेकर कहा कि हम एक पेड़ आवश्यक लगाए।जिससे आस-पास का वातावरण हरा-भरा रहेगा। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष गौतम सील ने आभार जताया है।

### सोशल एक्टीविटी में शंकराचार्य कॉलेज का इको क्लब प्रथम



**भिलाई।** शंकराचार्य कॉलेज के इको अपेक्स एसडीजी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सामुदायिक सहभागिता के लिए स्वैच्छिक एक श्रृंखला के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें श्री शंकराचार्य इको क्लब पल्लवन ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत क्लॉथ बैग पर वर्कशॉप, क्विक हार्वेस्ट फ्रूट प्लांट्स, मिलेट लंच पॉलिसी, सुविंग मशीन इंस्टॉलेशन, हेल्दी कुकिंग वीडियो, टेरेस गार्डनिंग, वीडियो प्लास्टिक बैन, स्टील वॉटर बॉटल इनीशिएटिव, स्लो साइकलिंग कांपटीशन एवं स्टॉप प्लास्टिक वॉटर बॉटल पर मुहिम चलाकर शंकराचार्य कॉलेज ने छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कंपटीशन में कुल 10 प्रतियोगिता आयोजित की गई थीं, जिसे विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के सहयोग से संपन्न कराया गया। इस उपलब्धि पर गंगाजली एजुकेशन समिति के चेयरमैन आईपी मिश्रा एवं अध्यक्ष जया मिश्रा, प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने बधाई दी है।

6 दिसंबर को बनारस में ज्ञान महायज्ञ

## कन्याकुमारी से कश्मीर तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा





**दुर्ग।** आत्मज्ञान की विस्मृति ही दुखों का कारण है। हमारा अज्ञान ही हमारे दुखों का कारण है। कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां - बुराइयां सबके भीतर है। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। क्योंकि हमारे भीतर अंतरात्मा रूप से परमात्मा ही तो स्थित है। स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव ने संकल्प यात्रा में उक्त बातें कहीं। सन मैरिज पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में वे शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियाँ बढ़ रही है। यूनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीरें कुत्सित मन से निकलती हैं। अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। मन की अशांति को योग, ध्यान, साधना से दूर किया जा सकता है। आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग सन्त समाज के शताब्दी महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज 7 जुलाई को संकल्प यात्रा का शुभारंभ दक्षिण भारत से हो चुका है। संकल्प यात्रा के प्रथम चरण में तमिलनाडु, केरल, बैंगलोर, चेन्नई, नागपुर के बाद छत्तीसगढ़ में बलरामपुर, अम्बिकापुर, बिलासपुर के बाद भिलाई और राजनांदगांव नगर में पहुंच चुकी है। 6 एवं 7 दिसंबर को ध्यान - साधना केंद्र (मेडिटेशन सेंटर) स्वर्वेद महामंदिर, वाराणसी में 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होना है।

समाज इवेंट

## बड़ी साधु वंदना जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता हैः सुमंगल

**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब में आध्यात्मिक वर्षावास में धर्म सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आचार्य मधुकर मनोहर शिष्या साध्वी सुमंगल प्रभा का प्रवचन हो रहा है। गुरुवार को प्रवचण आचार्य सम्राट जयमल महाराज द्वारा रचित बड़ी साधु वंदना के विषय पर केन्द्रित रहा। डॉ. सुमंगल प्रभा ने जय आनंद मधुकर रतन भवन की धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति क्षेत्र, जाति, कुल, कर्म, शिल्प, भाषा, ज्ञान दर्शन चरित्र ये नौ प्रकार की बातें जहां श्रेष्ठतम रूप में विद्यमान हो, वहां आर्यपन व अर्थ क्षेत्र होता है। अगर यदि नौ ही बातें नहीं हो जिस जीवन में वो अनार्य होता है। आर्य अनार्य के संबंध में उन्होंने कहा कि आर्य कौन होता है? जो जाति से श्रेष्ठ हो, जो गुणों से श्रेष्ठ हो जिसके जीवन में कोई भी कुव्यसन ना हो वो आर्य आर्थ कहलाता है। ऐसे ही आर्य आर्य की श्रेणी में हुए अभयकुमार। आर्य अनार्य वो होते हैं, जो जाति से श्रेष्ठ हो पर गुणहीन हो, जिसका जीवन गुणों से रहित हो वो अनार्य कहलाता है। श्रेणिक महाराज की दादी जिसका नियम था कि वे प्रभु महावीर, या किसी भी संत के दर्शन नहीं करेगी। धर्म कर्म की प्रवृति जहां हो वह आर्य क्षेत्र होता है। साध्वी सुवृद्धि एवं साध्वी रजत प्रभा ने भी अपनी बात रखी। प्रवचण के दौरान सरला छत्तीसा बोहरा, नीलम बाफना, अरिहंत संचेती, महेंद्र संचेती, श्रेयांस संचेती, लेखा संचेती सहित अन्य मौजूद थे। प्रतिदिन 11 घंटे के नवकार महामंत्र का जाप, अनुष्ठान भी किया जा रहा है।



युवोदय की पहल पर दंतेवाड़ा के इन युवाओं को भिलाई लाया गया

## आईआईटी दे रहा दंतेवाड़ा के 147 गांवों के 400 युवाओं को कुपोषण से लड़ने ट्रेनिंग

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई और जिला प्रशासन की पहल पर कुपोषण के खिलाफ एक अभियान शुरू किया गया गया है। कुपोषण की दर को कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, युवतियों और महिलाओं को विशेष रूप से जागरूक किया जाना है। इसके अंतर्गत दंतेवाड़ा के 147 गांवों के 400 से ज्यादा युवाओं को आईआईटी भिलाई लाया गया है, जहां उन्होंने प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डायरेक्टर राजीव प्रकाश द्वारा उन्हें कुपोषण से बचाओ और नए गैजेट्स से ज्यादा से ज्यादा उपयोग के बारे में बताया। और ग्रामीण महिलाओं में स्वास्थ्य और बाल देखभाल के बारे में जागरूकता लाने कहा। इसके तहत, गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने यह जिम्मेदारी ली है कि वे ग्रामीण महिलाओं से मिलकर उन्हें बच्चे और मां की देखभाल से संबंधित विभिन्न विषयों पर उपयोगी टिप्स देंगी।



### हर घर में दादी मां (बापी) को जिम्मेदारी

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि कुपोषण के खिलाफ अभियान में बापी यानी दादी मां की भूमिका सबसे अहम है। इन बुजुर्गों की बात गांव में हर व्यक्ति सुनता है। ग्रामीण महिलाएं पूरे विश्वास के साथ इन नुस्खों का पालन कर सकती हैं। महिलाएं अपनी और खुद के बच्चों की अच्छी देखभाल कर सकती हैं। बापी के साथ-साथ युवा अब 'सतरंगी नाक' और सतरंगी नायिका के रूप में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

### ज्ञान, जागरुकता, कौशल और प्रेरणा के लिए प्रशिक्षण

युवोदय के माध्यम से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जागरुकता, कौशल और प्रेरणा के लिए आयोजित किया गया। यह व्यक्तिगत, परिवार और सामुदायिक स्तरों पर कौशल पर केंद्रित है। प्रतिभागियों को सामुदायिक गतिशीलता, स्वयंसेवावाद, संचार और व्यवहार संकेतकों में प्राप्त होगी। कार्यशाला का उद्देश्य सामुदायिक विकास का समर्थन करने, प्रभावी ढंग से संलग्न होने और रणनीतिक संचार का उपयोग करने की उनकी क्षमता को बढ़ाना है। इस अवसर पर युवाओं के भविष्य के लिए प्रासंगिक करियर के अवसरों की पहचान करने में सहायता करने का भी भरोसा दिलाया गया। कार्यशाला में व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक गतिशीलता को समझना, वर्तमान आईटी आधारित वातावरण में विकास में युवाओं की भूमिका, मातृ स्वास्थ्य और पोषण, बाल स्वास्थ्य और प्रतिरक्षण, स्वच्छता को बढ़ाने, सोशल मीडिया से जुड़ी जानकारियां दी गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंतर्राष्ट्रीय रजत पदक जीतने वाली रीबा का हुआ सम्मान



रायपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत आदर्श इंटरनेशनल स्कूल रायपुर में खेल दिवस का आयोजन किया गया। भिन्न भिन्न खेल प्रतियोगिताओं के के बाद कामनवेल्थ में रजत पदक विजेता फेंसिंग खिलाड़ी रीबा बेनी के द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया गया। समस्त रीबा बेनी ने अपने प्रेरक भाषण से छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्रों को दृढ़ संकल्प और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया , उन्होंने समर्पण, कड़ी मेहनत और चुनौतियों पर काबू पाने की अपनी यात्रा साझा की, जो सभी छात्रों के सफलता के साथ गहराई से जुड़ी हैं उनकी उपस्थिति ने युवा वर्ग को प्रभावित किया और स्कूल के सभी छात्र–छात्राओं के भीतर बेहतर प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त करने आकांक्षा पैदा की। आदर्श इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर की प्राचार्या जसवीर सरकार ने रीबा बेनी को उनके बहुमूल्य समय और प्रेरक शब्दों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा स्मृतिचिन्ह द्वारा सम्मान प्रदत्त किया

### जिला स्तरीय खेल कैलेंडर जारी, निखरेंगी प्रतिभाएं




रायपुर। श्री बालाजी विद्या मंदिर शाला देवेन्द्र नगर रायपुर में जिला स्तरीय शालेय खेल कैलेंडर डॉ विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर आन्ध्र एसोसिएशन के अध्यक्ष जी स्वामी,प्रिंसिपल फेनी और जिला खेल अधिकारी आई पी वर्मा की उपस्थिति में जिला स्तरीय शालेय खेल कैलेंडर जारी किया गया यह खेल एक अगस्त से प्रारंभ होगा। जिसमें फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबाल, टेनिस, हैंडबाल, कुश्ती साफ्ट टेनिस, फेंसिंग, कबड्डी, खो-खो, ताइक्वांडो, कुराश, कराते, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेलों का आयोजन विभिन्न शालाओं को दिया गया है। स्कूल गेम्स में सीबीएसई बोर्ड के खिलाड़ी खेल नहीं पायेंगे वे अपने युनिट से खेलेंगे।

### जिला स्तरीय अंडर-15 शतरंज चयन प्रतियोगिता 11 अगस्त को



रायपुर। जिला शतरंज संघ द्वारा श्री दक्षिणेश्वर विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में जिला अंडर-15 शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन 11 अगस्त को चंगोराभाठा, रायपुर में किया जाएगा इस प्रतियोगिता में 2009 या उसके बाद जन्मतिथि के 15 वर्ष से कम उम्र के जिले के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकती है। स्पर्धा में विजेता प्रतिभागी वर्ष 2024 का जिले का चैंपियन होगा तथा साथ ही इस प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष 4 बालक तथा बालिका राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता 2024 जो कि 15 से 18 अगस्त तक विप्र भवन रायपुर में आयोजित है मे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को कैश प्राइज, ट्राफी और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे। प्रतियोगोता के मुख्य निर्णायक फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन व आयोजन समिति के संचालक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है तथा संरक्षक जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, सचिव नवीन शुक्ला एवं दक्षिणेश्वर विद्यापीठ के डायरेक्टर अविनाश कुमार मिश्रा है।

---

#### हार्मोंस में संतुलन बनाने सही डाइट और रूटीन को फॉलो करें

# हार्मोन्स में बदलाव का संकेत देते हैं स्किन और बाल, समय पर कर लें इनकी पहचान

शरीर के सही तरह से फंक्शन करने के लिए, हमें कई विटामिन, मिनरल्स और हार्मोन्स की जरूरत होती है। महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस कई तरह की समस्याएं पैदा कर सकता है। हार्मोनल इंबैलेंस का असर, महिलाओं के डाइजेशन, वजन, रिप्रोडक्टिव हेल्थ और लुक्स पर होता है। हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से शरीर में कई लक्षण नजर आते हैं। कई हार्मोन्स में उतार-चढ़ाव का असर, पीरियड्स और फर्टिलिटी पर भी होता है। शरीर में नजर आ रहे हैं कुछ खास लक्षण हार्मोनल इंबैलेंस की तरफ इशारा करते हैं। कुछ हार्मोन्स के इंबैलेंस का असर, हमारी स्किन पर और बालों पर भी होता है। इसे समय से पहचानना जरूरी है, ताकि, इन्हें बैलेंस करने के लिए, सही डाइट और रूटीन को फॉलो किया जा सके। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।





### हार्मोनल इंबैलेंस का बालों और स्किन पर असर

थायराइड हार्मोन में उतार-चढ़ाव का असर, बालों पर भी होता है। इसके कारण, बाल पतले हो जाते हैं, बालों की ग्रोथ धीमी हो जाती है और बाल अधिक झड़ने लगते हैं। इसकी वजह से बाल दोमुंहे हो जाते हैं और अपनी चमक खोने लगते हैं।

थायरॉइड हार्मोन की अधिकता या कमी का असर स्किन हेल्थ पर भी होता है। इसके कारण, स्किन का नेचुरल ऑयल यानी सीबम ज्यादा हो जाता है। इसके कारण, मुंहासे निकल आते हैं। इसकी वजह से मेटाबॉलिज्म कमजोर हो जाता है और इसकी वजह से भी स्किन हेल्थ खराब होने लगती है।

एस्ट्रोजन की कमी से कोलेजन उत्पादन कम हो जाता है। इसका असर स्किन हेल्थ पर होता है। एस्ट्रोजन हार्मोन और एक्ने का गहरा नाता है। इसका लेवल बढ़ने पर एक्ने हो जाते हैं। पीरियड्स के दौरान या इससे पहले एक्ने होने के पीछे यही हार्मोन जिम्मेदार है। इंसुलिन हार्मोन भी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इंसुलिन रेजिस्टेंस होने पर महिलाओं के चेहरे पर अनचाहे बाल निकल आते हैं।

शरीर में कॉर्टिसोल का स्तर बढ़ने से त्वचा में सीबम का उत्पादन बढ़ जाता है। यह स्ट्रेस हार्मोन है। इसकी वजह से एक्ने, स्किन इंफ्लेमेशन और भी स्किन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। कोर्टिसोल लेवल बढ़ने पर भी बाल झड़ने लगते हैं। हार्मोनल इंबैलेंस का असर, हमारी स्किन, बालों और शरीर के कई फंक्शन्स पर होता है। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।

## शाम के समय तेल में ये चीजें डालकर जलाएं दीपक, नहीं रुकेगी घर की बरकत

ज्योतिष शास्त्र में ऐसा माना गया है कि संध्याकाल के समय जलाया गया दीपक ज्यादा प्रभावशाली होता है प्रातःकाल के समय जलाए गए दीपक के मुकाबले। हिन्दू धर्म में दीपक जलाना शुभ माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि पूजा-पाठ के दौरान दीपक जलाने से देवों की उपस्थिति उस स्थान पर होती है और उस जगह दिव्य ऊर्जा का संचार होने लगता



है। इसी कारण से शास्त्रों में सुबह और शाम दीया प्रज्वलित करने का विधान है। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में ऐसा माना गया है कि संध्याकाल के समय जलाया गया दीपक ज्यादा प्रभावशाली होता है प्रातःकाल के समय जलाए गए दीपक के मुकाबले। ऐसे में अगर शाम के समय जलने वाले दीपक के तेल में कुछ चीजें मिलाकर उसे प्रज्वलित किया जाए तो इससे कई लाभ मिल सकते हैं।

ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं इस बारे में।

**तेल में तिल मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक:** तिल का संबंध पितरों और शनिदेव से माना गया है। ऐसे में शाम के समय तेल में तिल मिलाकर दीपक जलाने से पितृ प्रसन्न होते हैं। पितरों का आशीर्वाद मिलता है और शनि देव की कृपा भी बनी रहती है।

**तेल में कपूर मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक:** कपूर का संबंध शुक्र ग्रह से है। ऐसे में शाम के समय तेल में कपूर मिलाकर जलाने से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होते हैं। शुक्र के शुभ प्रभाव से व्यक्ति को सौभाग्य, सुंदरता, संपन्नता की प्राप्ति होती है।

**तेल में लौंग मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक**

लौंग का संबंध राहु और केतु से माना गया है। अगर रोजाना शाम के समय तेल में लौंग डालकर दीपक जलाया जाए तो इससे राहु का दुष्प्रभाव कम होता है और राहु-केतु की शुभता कुंडली में बढ़ती है।

**तेल में तेजपत्ता मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक**

तेजपत्ते का संबंध मां लक्ष्मी और कुबेर देव से माना गया है। ऐसे में शाम के समय तेल में तेजपत्ते का चूरा मिलकर दीपक जलाया जाए तो इससे घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और तधन लाभ होता है।

## बिना तले ऐसे बनाएं स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा, खाकर घरवाले करेंगे तारीफ



अगर आप भी घर पर रहकर बारिश के मजे ले रहे हैं, तब तो कुछ चटपटा सा खाने का मन अवश्य करता होगा। पर, आप चाह के भी हर रोज तला-भुना नहीं खा सकते।


अब जब आप अपनी हेल्थ का भी ध्यान रखना चाहते हैं लेकिन कुछ चटपटा भी खाना चाहते हैं तो आप बिना तले ब्रेड पकौड़ा भी तैयार कर सकते हैं।

ब्रेड पकौड़ा बनाने के लिए आपको सबसे पहले इसकी स्टफिंग तैयार करनी है। स्टफिंग बनाने के लिए उबले हुए आलुओं को छील कर अच्छी तरह से मैश करें। अब एक कढ़ाई लेकर उसमें थोड़ा सा तेल डालें और फिर बारीक कटी हरी मिर्च, हल्दी और जीरा डालकर भूनें। जीरा सुनहरा होने पर इसमें आलू डालें। इन आलुओं में अब धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, और नमक मिलाएं। जब ये सही से पक जाए तो इसमें कटी हुई धनिया की पत्तियां डालें।

अब इसे ठंडा होने के लिए साइड में रख दें। जब तक ये ठंडा हो रहा है तब तक बेसन का घोल तैयार करें। इसके लिए एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी पाउडर और बेकिंग सोडा मिलाएं। इसमें धीरे-धीरे पानी डालते हुए गाढ़ा घोल तैयार करें।

सबसे आखिर में ब्रेड स्लाइस को तिरछे काटकर दो हिस्सों में बांट लें। हर ब्रेड के टुकड़े पर आलू का मिश्रण फैलाएं और दूसरी ब्रेड का टुकड़ा ऊपर रख दें। अब इन तैयार ब्रेड सैंडविच को बेसन के घोल में डुबोएं और तुरंत निकाल लें। ध्यान रखें कि बेसन का बेटर ज्यादा गाढ़ा न हो।

अब एक गर्म तवे पर हल्का सा तेल डालें और उस पर वे बेसन में डूबा ब्रेड सैंडविच रखा। अब इसे हर तरफ से सुनहरा होने तक सेकें। कुरकुरा होने के बाद इसे चाय और खट्टी-मीठी चटनी के साथ परोसें।



## एब्स वर्कआउट करते हुए नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां

जो लोग जिम जाते हैं, वे एक टोन्ड बॉडी पाना चाहते हैं और इसके लिए वे अपने वर्कआउट पर खास ध्यान देते हैं। अपने वर्कआउट के दौरान वे सिर्फ बैक, चेस्ट या लेग्स को ही ट्रेन नहीं करते हैं, बल्कि एब्डॉमिनल एक्सरसाइज करना भी पसंद करते हैं और इसलिए वे कोर-ट्रेनिंग के दौरान एब्स की तरह- तरह की एक्सरसाइज करते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें सिक्स पैक एब्स पाने में मदद मिलेगी। हालांकि, ऐसा केवल तभी संभव है, जब आपका बॉडी फैट परसेंटेज कम हो। एब्स वर्कआउट करने से आपकी कोर मसल्स मजबूत होती हैं और इससे आपको काफी फायदा मिलता है।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि एब्स वर्कआउट हर किसी के लिए काफी अच्छा है, लेकिन इसे सही तरह से करना बेहद जरूरी है। अमूमन यह देखने में आता है कि लोग एब्स वर्कआउट करते हुए अनजाने में कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको उन गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपका एब्स वर्कआउट करते हुए करने से बचना चाहिए-

### ओवरट्रेनिंग करना

अधिकतर यह देखने में आता है कि लोग जल्द से जल्द अपनी बॉडी को शेप में देखना चाहते हैं और पेट व उसके आसपास के फैट को कम समय में खत्म करना चाहते हैं। ऐसे में वे एब्स वर्कआउट के दौरान ओवरट्रेनिंग करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, ऐसा करने से आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी भी अन्य मसल्स ग्रुप की ही तरह पेट की मसल्स को ठीक होने के लिए समय की जरूरत होती है। इसलिए हर हर दिन अत्यधिक क्रंच या प्लैंक करने के बजाय आप उसकी क्वालिटी पर अधिक ध्यान दें।



### सांस को रोकना


एब्स वर्कआउट के दौरान अधिकतर लोग एक गलती करते हैं और वह है अपनी सांस रोकना। जबकि आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। एब्स वर्कआउट के दौरान अपने ब्रीदिंग पैटर्न पर पर्याप्त ध्यान दें। इससे आपकी कोर मसल्स अधिक एक्टिव होती है और बॉडी में ऑक्सीजन सप्लाई भी सही तरह से हो पाती है। इससे आप अधिक बेहतर तरीके से वर्कआउट कर पाते हैं, जिससे आपको बेस्ट रिजल्ट मिलते हैं।

### गर्दन को आगे की ओर खींचना

अमूमन यह देखने में आता है कि लोग क्रंचेस करते हुए अपने ऊपरी शरीर को ऊपर उठाने के लिए सिर और गर्दन को आगे की ओर खींचने के लिए हाथों का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, ऐसा करने से आपकी गर्दन पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। इससे आपको गर्दन में दर्द की शिकायत हो सकती है। हमेशा एब्स वर्कआउट के दौरान क्रंचेस करते हुए बिना दबाव डाले अपने हाथों को अपने सिर के पीछे हल्के से रखें। साथ ही, अपने ऊपरी शरीर को ऊपर उठाने के लिए पेट की मसल्स का उपयोग करें।

### गलत फॉर्म और अलाइनमेंट

अन्य किसी भी एक्सरसाइज की ही तरह एब्स वर्कआउट करते हुए आपको बॉडी फॉर्म और अलाइनमेंट का ध्यान रखना चाहिए। कई बार लोग इस दौरान अपनी पीठ को बहुत ज्यादा झुकाते हैं या फिर अपने कूल्हों को ढीला छोड़ देते हैं।



---

कार्नर न्यूज

#### मानसून में खुशहाल जीवन जीने उठाएं जरूरी कदम

# इस मानसून अपनी अलमारी में करें बदलाव, दोगुना होगा मौसम का लुत्फ

हर आकार और रंग की टपकती छतरियाँ, छोटे रेनकोट, हर जगह नदियों में तैरती कागज़ की नावें और हर सतह पर फैली हरियाली की नई कालीन, इस मौसम ने हमेशा हमें जादू से भर दिया है। कोई भी उदास, नीरस, पूर्वाभास जैसा जुड़ाव हमें अन्यथा महसूस कराने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। और जबकि ट्रेकर्स, फुटबॉलर और उनके जैसे अन्य लोग भी इस मौसम का मज़ा लेते हैं, यहाँ, हम इस बात पर एक नज़र डालते हैं कि यह दुनिया भर के सभी फ़ैशनिस्टों के विचारों और कार्यों को कैसे प्रभावित करता है। चूंकि वे मानसून का अपने विशेष तरीके से स्वागत करते हैं, इसलिए यहां कुछ ऐसी चीजें बताई गई हैं जिन्हें आपको अवश्य खरीद लेना चाहिए, साथ ही यह भी बताया गया है कि बरसात के दिन क्या पहनना चाहिए, ताकि आप इस जादुई अनुभव से वंचित न रह जाएं और ऐसी पतलून पहनकर बैठक में न पहुंच जाएं जो शर्मनाक तरीके से उन स्थानों पर भीग गई हो, जहां आप नहीं चाहते थे।



### रंग-बिरंगे छाते

क्या हमें इस बारे में और कुछ कहना चाहिए?! चाहे आप किसी भी लिंग या उम्र के हों, आपके पास कम से कम एक रंगीन छाता होना चाहिए जो आपके व्यक्तित्व के साथ मेल खाता हो। आजकल छाते की बनावट ऐसी है कि इसे आसानी से पोर्टेबल भी बनाया जा सकता है।

### रेन जैकेट/रेनकोट

अगर आप ज्यादा हाथ-मुक्त किस्म के व्यक्ति हैं, या कोई ऐसा व्यक्ति है जो टहलने या ट्रेकिंग या किसी और चीज के लिए बाहर निकलता है, तो छाता रखना पर्याप्त नहीं होगा। इस मामले में रेनकोट लेना बेहतर विकल्प होगा। सामग्री, फॉल, फ़ैब्रिक, रंग, आकार और पैटर्न के मामले में कई तरह के नए विकल्पों के साथ, रेनकोट बारिश के मौसम में क्या पहनना है, इसका सबसे प्रभावी उत्तर है।

### जूते

चाहे आपको अपने आरामदायक और सुविधाजनक फ्लिप फ्लॉप कितने भी पसंद क्यों न हों, जब आप यह तय कर रहे हों कि बरसात के दिन आपको क्या पहनना चाहिए, तो ये इस मौसम के लिए नहीं बने हैं! हमेशा कम से कम एक जोड़ी बरसाती जूते खरीदना बेहतर विकल्प होता है जो वाटरप्रूफ हों और आरामदायक और सुरक्षित पकड़ भी प्रदान करें। अगर आप ट्रेकिंग या कुछ और बड़ा करने जा रहे हैं, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपने आयोजकों से पहले ही बात कर ली है और पर्याप्त रूप से तैयार हैं। कुछ मामलों में गम बूट्स बेहतर विकल्प होते हैं! एक सख्त नियम यह है कि अपने चमड़े के जूतों और इसी तरह के जूतों को नमी से बचाकर रखें।



### स्वेटर और स्कार्फ पहनें

सामान्य तौर पर, हमारे भारतीय जलवायु में ठंड के महीनों की तुलना में गर्म महीने अधिक होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हमारी वास्तुकला की शैली भी उसी के अनुरूप है। हालांकि, मानसून में, भारी बारिश के कारण बाहर का तापमान बदल जाता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जोकर 2' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी, जल्द आएगी बड़े पर्दे पर



'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर को फिल्म के निर्माताओं ने जारी कर दिया। इस फिल्म के पहले भाग के लिए अकादमी पुरस्कार जीत चुके वॉकिन फीनिक्स फिल्म में एक बार फिर से अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते हुए नजर आएंगे। साथ ही, फिल्म में लेडी गागा भी हैं, जो उनकी प्रेमिका के रूप में दिखेंगी। फिल्म में खलनायक यानी जोकर और उसकी प्रेमिका की विकृत मानसिकता को गहराई से दिखाने की कोशिश की गई है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी ज्यादा शानदार है। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' उस अंधेरे और गंभीर कथानक को जारी रखता है, जिसने 2019 में दर्शकों और समीक्षकों की खूब वाहवाही लूटी थी। फिल्म में वॉकिन फीनिक्स आर्थर फ्लेक के रूप में फिर से अपनी भूमिका में दिखेंगे। आर्थर एक असफल कॉमेडियन है, जिसका पागलपन उसे कुख्यात जोकर में बदल देता है। वॉकिन के साथ लेडी गागा इस बार स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। वह जोकर की साथी और प्रेमिका हार्ले क्विन के किरदार में हैं। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' आर्थर फ्लेक की कहानी है, जो आर्कम में अपनी दोहरी पहचान के साथ जिंदगी जी रहा है। इस दौरान वह प्यार की गिरफ्तार में भी आ जाता है। इस फिल्म में ऑस्कर नामांकित ब्रेंडन ग्लीसन भी हैं, जो 'द बैनशीज ऑफ इनिशेरिन' की वजह से काफी लोकप्रिय हैं। उनके अलावा फिल्म में कैथरीन कीनर, अपने किरदार को दोबारा निभाती हुई नजर आएंगी। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' 4 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### टॉलीवुड

## 'सलार 2' पर नजरें टिकी दर्शकों की, प्रशांत नील ने बताया प्लान



प्रभास और प्रशांत नील की जोड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। 'सलार' ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया। वहीं, अब हर किसी की निगाहें 'सलार 2' पर टिकी हुई हैं। हालांकि, अब 'सलारः पार्ट 2 शौर्यांग पर्वम' की शूटिंग पर बड़ा अपडेट सामने आया है। जानें प्रशांत नील कब 'सलार' के दूसरे भाग की शूटिंग शुरू करेंगे-सोशल मीडिया पर प्रशांत नील के कॉलीवुड सुपरस्टार अजित कुमार के साथ संभावित सहयोग के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। खबरें हैं कि अजित और प्रशांत की मुलाकात हैदराबाद में हुई थी, जहां निर्देशक ने उनसे फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त के लिए अपने 'केजीएफ' ब्रह्मांड का हिस्सा बनने के लिए संपर्क किया था। इन खबरों के साथ यह भी अफवाह उठने लगी कि शायद 'सलार 2' को स्थगित किया जा रहा है। हालांकि, अब इन अफवाहों पर विराम लग गया है। 'सलार 2' की शूटिंग पर आया बड़ा अपडेट दर्शकों का दिल जीत रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि 'सलार 2' की शूटिंग अगस्त के मध्य में फिर से शुरू होगी। रिपोर्टों से पता चलता है कि सीक्वल का 20 प्रतिशत हिस्सा 'सलारः भाग 1' की शूटिंग के दौरान पहले ही फिल्माया जा चुका था और कलाकारों और क्रू को सीक्वल के बारे में जानकारी दी गई थी। चालक दल के सदस्यों को अग्रिम राशि भी प्राप्त हुई थी। प्रशांत की अन्य रोमांचक परियोजनाओं के बारे में चल रही चर्चाओं के बावजूद निर्देशक बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'सलार 2' पर ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक हैं, जिसमें सूत्रों के अनुसार, कोई और देरी नहीं होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक इन सभी प्रमुख परियोजनाओं का समन्वय कैसे करते हैं, क्योंकि जूनियर एनटीआर के साथ उनकी फिल्म की शूटिंग भी जल्द ही शुरू होने वाली है।

### भोजपुरी

## 'जया' का मुंबई में होगा प्रीमियर, महिला सशक्तीकरण पर आधारित है कहानी



भोजपुरी सिनेमा की अपकमिंग फिल्म 'जया' को लेकर कहा जा रहा है कि ये फिल्म एक सशक्त महिला की जर्नी को दिखाएगी। माही श्रीवास्तव स्टारर इस फिल्म की कहानी की तुलना बॉलीवुड की 'मसान' और 'सैराट' जैसी फिल्मों से की जा रही है और कहा जा रहा है कि दर्शकों को इस फिल्म में वो दिखेगा जो अब उन्होंने नहीं देखी। भोजपुरी सिनेमा में एक शानदार फिल्म जल्द आ रही है जिसका नाम है 'जया' और कहा जा रहा है कि इस फिल्म की तुलना बॉलीवुड की 'मसान' और 'सैराट' जैसी फिल्मों से की जा रही है। इस अपकमिंग फिल्म 'जया' का प्रीमियर 1 अगस्त को पटना में होने जा रहा। इससे पहले इस फिल्म का प्रीमियर 30 जुलाई को मुंबई में रखा गया है। वहीं 3 अगस्त को इसका प्रीमियर वाराणसी में किया जाना है। फिल्म के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं और इस फिल्म में वाराणसी के गंगा घाट का विहंगम दृश्य ट्रेलर और फिल्म के पोस्टर में देखने मिला है। ये नजारा हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा। फिल्म 'जया' की कहानी एक सशक्त महिला की जर्नी पर बेस्ड है, जो समाज के बंधनों को तोड़ते हुए अपने सपनों को साकार करने की कोशिश करती है। फिल्म में लीड रोल में माही श्रीवास्तव हैं, जिन्होंने अपने किरदार के साथ पूरी निष्ठा से न्याय किया है।

## लबादे का फैशन

लाइफ स्टाइल



"लंदन फैशन वीक में पिछले दिनों मशहूर डिजाइनर ग्लेन मार्टेंस ने मॉडल जीन पॉल गॉल्टियर के लिए हाउते कॉउचर संग्रह के साथ एक शानदार शुरुआत की। यह शो चर्चा में रहा। भारी-भरकम लबादानुमा ड्रेस के साथ उतरी मॉडल ने दर्शकों को भी हैरान किया। इस शो में मैथ्यू ब्लेज़ी ने बोट्टेगा वेनेटा ने भी अपनी धमाकेदार शुरुआत की।

## चेहरे पर शीशे सा निखार लाने करें इनका इस्तेमाल



त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। चेहरे की चमक को नेचुरल तरीके से बरकरार रखना भी बेहद जरूरी होता है। उन घरेलू चीजों के बारे में आपको जानना चाहिए जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

**एलोवेरा** _ त्वचा के लिए एक डॉक्टर का काम करता है एलोवेरा। यह अनेक रूप से फायदे पहुंचाने में मदद करता है। अब चाहे तो त्वचा को नमी पहुंचा कर हाइड्रेटेड बनाना हो या चेहरे पर एलोवेरा जेल का बना हुआ फेस पैक हो। इसका इस्तेमाल आप अनेक रूपों में कर सकती हैं। इसके लिए आप घर में एलोवेरा का पौधा लगायें और मार्केट में मिलने वाली जेल को अवॉयड ही करें।

**बेसन** _ बेसन का इस्तेमाल चेहरे पर मौजूद टैनिंग को हटाने के लिए किया जाता है। खासकर यह ऑयली स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि बेसन चेहरे पर मौजूद पोर्स में जमे ऑयल को निकाल पोर्स को डीप क्लीन करने का काम करता है। वहीं इसमें आप कच्चा दूध और गुलाब जल मिलाकर इस्तेमाल कर सकती हैं।

**गुलाब जल** _ गुलाब जल को चेहरे पर कई तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि यह एक नेचुरल टोनर का काम करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये चेहरे पर मौजूद पोर्स के अंदर जाकर सफाई कर उनका साइज मिनीमाइज करने में सहायता करता है। साथ ही ये त्वचा के पीएच लेवल को बरकरार रखने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा पर मौजूद डार्क स्पॉट्स यानी काले धब्बे को कम करने के काम भी आता है।

**त्वचा की देखभाल करने के लिए क्या करें ?** : त्वचा की देखभाल करने के लिए रोजाना सीटीएम रूटीन को फॉलो करें और चाहे तो आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## हर मौसम में पहनें जा सकते हैं बांधनी सलवार-सूट के ये डिजाइंस




स्टाइलिश दिखना हम सभी पसंद करते हैं, लेकिन कम्फ़र्टेबल रहने के लिए हम ज्यादातर मौसम और मूड के हिसाब से कपड़े चुनते हैं। वहीं सलवार-सूट को लगभग रोजाना पहना जाता है। ऑफिस जाना हो या आस-पास किसी पार्टी में पहनने के लिए हम ज्यादा हैवी डिजाइन के सूट नहीं खरीदते हैं।

आजकल की बात करें तो बांधनी डिजाइन के सलवार-सूट बेस्ट लुक देने में मदद करते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं बांधनी सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स-

### फैंसी बांधनी सूट



किसी पार्टी में जा रही हैं तो इस तरह के बांधनी डिजाइन के लेस वाले सलवार-सूट आपके लुक में जान डालने का काम करेंगे। इस तरह के सूट लुक में आपको जैकेट स्टाइल, कलीदार, जैसे अन्य कई पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। आप चाहे तो सिंपल सूट में भी गोटा-पट्टी लेस लगवाकर फैंसी लुक दे सकती हैं।


### फ्लोर लेंथ बांधनी सूट

फ्लोर तक की लेंथ के सूट देखने में बेहद मॉडर्न लुक देने का काम करते हैं। इस तरह के सूट के साथ आप चाहे तो दुपट्टे को स्किप भी कर सकते हैं। मॉडर्न लुक में सूट को स्टाइल करने के लिए नेकलाइन में आप कट आउट डिजाइन का गला बनवा सकते हैं। देखने में इस तरह का नेक डिजाइन आपके सूट को रेडीमेड लुक देने में मदद करेगा।

### प्लेन बांधनी सूट

ऑफिस जा रही हैं या रोजाना के लिए घर पहन रही हैं तो इस तरह के जयपुरी-गुजराती स्टाइल बांधनी डिजाइन के सलवार-सूट आपके लिए बेस्ट साबित हो सकते हैं। इस तरह के सूट आपको मार्केट में रेडीमेड भी मिल जाएंगे। आप चाहे तो पुरानी बांधनी साड़ी की मदद से भी इस तरह से सूट तैयार कर सकती हैं। दुपट्टे के लिए आप अलग से प्लेन डिजाइन खरीद सकते हैं।

## बार-बार पसीना आने से हैं परेशान, इस तरह से करें अपने शरीर की सफाई



कई बार बदलते मौसम और स्किन टेक्सचर के कारण चेहरे पर मेकअप लगाने के थोड़ी देर बाद ही प्रोडक्ट एक जगह पर इकठ्ठा होने लगता है और मेकअप लुक खराब नजर आने लगता है। अक्सर ऐसा चेहरे पर पसीना आने के कारण होता है।

इसके कई कारण हो सकते हैं। फ्लॉलेस मेकअप लुक पाने के लिए आपको अपने मेकअप को इस तरह से खराब होने से बचाना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ ऐसे आसान टिप्स जिनकी मदद से आप आसानी से चेहरे पर पसीना आए तो आप आसानी से मेकअप लुक को खराब किए बिना उसे साफ कर पाए और अपने लुक को आकर्षक बना पाए।

पसीना आने के कारण त्वचा ऑयली नजर आने लगती है और चेहरे की त्वचा से निकलने वाले तेल को हम इसी तरह से साफ नहीं कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर हम ऐसा करते हैं तो चेहरे पर लगा मेकअप भी साथ ही निकल जाएगा और लुक खराब नजर आने लगेगा। इसके लिए आप पसीने को साफ करने के लिए चेहरे पर ब्लोटिंग पेपर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में अक्सर त्वचा ऑयली हो जाती और इस मौसम में पसीना आना लाजमी है। आप पसीने को रोक नहीं सकते हैं, लेकिन इसके लिए आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। इसके लिए आप ड्युई बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स की जगह पर मैट मेकअप प्रोडक्ट्स का चुनाव कर सकती हैं। इन प्रोडक्ट्स में किसी भी तरह का ऑयल मौजूद नहीं होता है। अक्सर हम चेहरे पर लिक्विड और क्रीम मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं।

## सिर की खुजली को झटपट दूर करेंगे ऐसे उपाय



बारिश का मौसम गर्मी से राहत तो दिलाता है, लेकिन वो अपने साथ तमाम तरह की परेशानियां भी लेकर आता है। इस मौसम में कई बार फंगल इंफेक्शन जैसी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे सिर पर खुजली काफी बढ़ जाती है। इस परेशानी को देखते हुए यहा कुछ ऐसे उपाय के बारे में आपको जानना चाहिए, जिसका इस्तेमाल सिर की खुजली दूर करने के लिए किया जा सकता है।

**टी ट्री ऑयलः** बाजार में आपको टी ट्री ऑयल आसानी से मिल जाएगा। इसमें पाए जाने वाले एंटीफंगल और एंटीसेप्टिक गुण सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल शैंपू में मिला कर करें। ये सिर की खुजली से राहत दिलाएगा।

**नीम का तेलः** नीम के बारे में तो हर कोई ही जानता है कि इसमें कई ऐसे एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जोकि कई परेशानियों से राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप भी इस तेल हल्का गर्म करके स्कैल्प पर मालिश करें और कुछ समय के लिए छोड़ दें। थोड़ी देर बार सिर को सादे पानी से धो लें।

**एलोवेराः** हर घर में आपको आसानी से एलोवेरा मिल जाएगा। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान होता है। इसके इस्तेमाल के लिए एलोवेरा जेल को सिर पर लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें और फिर हल्के शैंपू से धो लें। यह स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है और खुजली को कम करता है।

**सिरकाः** खाने में इस्तेमाल किया जाने वाला सेब का सिरका फंगस को खत्म करने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल आप पानी में मिलाकर कर सकते हैं। पानी में सिरका डालकर फिर इसे रुई की मदद से स्कैल्प पर लगाएं। इससे फंगस और बैक्टीरिया को मारने में मदद मिलती है और खुजली कम होती है।

**बेकिंग सोडाः** आपकी रसोई में आपको बेकिंग सोडा आसानी से मिल जाएगा। इसका इस्तेमाल काफी आसान है। इसे स्कैल्प पर लगाने के लिए बस बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं और स्कैल्प पर लगाएं। कुछ समय के लिए छोड़ दें और फिर धो लें।

कार्नर न्यूज

### पुरुषों के लिए फैशन टिप्स आसान से हैं लेकिन इन्हें अपनाएं

## हैंडसम दिखने फॉलों करें ऐसे टिप्स जिनसे आप नजर आएं भीड़ में भी सबसे अलग

*जिस तरह से महिलाएं अपने आउटफिट से लेकर स्किन केयर तक का खास ध्यान रखती हैं, उस तरह से कोई भी पुरुष अपना ध्यान नहीं रख पाता। जिस वजह से कई बार पुरुषों का लुक खराब दिखने लगता है। खासतौर पर जो पुरुष नौकरी करते हैं, उनके लिए अपने लुक का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं जो अपनी ग्रूमिंग का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते तो आपको सोचने की जरूरत है।*



### लिप बाम है जरूरी

अक्सर लड़के ये सोचते हैं कि लिप बाम तो लड़कियां लगाती हैं, लड़कों के ऊपर ये अजीब दिखता है। जबकि ऐसा नहीं है। पुरुषों को भी दिन में बार-बार लिप बाम का इस्तेमाल करना चाहिए। ये आपके होंठों को हाइड्रेट करने में मदद करेगा। रूखे-सूखे होंठ आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में लिप बाम का इस्तेमाल बार-बार करें।

### सही फेसवॉश है जरूरी

ज्यादातर लड़के किसी भी फेसवॉश का इस्तेमाल कर लेते हैं। जबकि ये गलत है। फेसवॉश हमेशा स्किन टाइप को ध्यान में रखकर ही खरीदना चाहिए। अगर आप ऐसे ही किसी फेसवॉश का इस्तेमाल करेंगे, तो इससे आपकी त्वचा पर तमाम परेशानियां पैदा हो सकती हैं। ऐसे में अपने चेहरे की गंदगी को साफ करने के लिए सही फेसवॉश का इस्तेमाल अवश्य करें।

### बाल और दाढ़ी हो सेट

अगर आपकी दाढ़ी और बाल सेट नहीं होंगे, तो ये आपका पूरा लुक खराब कर सकते हैं। ऐसे में हमेशा समय-समय पर अपनी कटिंग कराते रहें। इसके अलावा यदि आप दाढ़ी रखते हैं तो उसे जरूर हर हफ्ते सेट कराएं। अगर ये सही से सेट नहीं होगी, तो ये आपको अजीब दिखा सकती है।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें

शरीर पर टैनिंग न दिखे तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें। ज्यादातर लड़के सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना भूल जाते हैं। ये गलती आप न दोहराएं। दिन में कई बार सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें।

### परफ्यूम जरूर लगाएं

लड़कों को पसीना काफी ज्यादा है। ऐसे में वो हमेशा तेज खूशबू वाला परफ्यूम इस्तेमाल करते हैं। परफ्यूम लगाते वक्त ध्यान रखें कि ये इतना ज्यादा हैवी न हो कि आपके आस-पास वाले लोगों को परेशानी होने लगे। सटल सी खूशबू वाला परफ्यूम आपके आसपास से लोगों को भी पसंद आएगा।